शुक्रवार, 30 जनवरी 2026

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 17 – 27 |
| आर्द्रता | 76% |
| सूर्योदय: 06:16 | सूर्यास्त: 17:23 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, माघ शुक्लपक्ष द्वादशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : जो हम जानते हैं; वह एक बूंद है, जो हम नहीं जानते–वह एक महासागर है।



पूरे राजकीय सम्मान के साथ अजित पवार का अंतिम संस्कार किया गया पृष्ठ 7




RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# यूजीसी के नये नियमों पर शीर्ष अदालत की रोक, 'दुरुपयोग की संभावना'

## मुख्य न्यायाधीश बोले- क्या हम उल्टी दिशा में जा रहे?

### केंद्र को नोटिस जारी, 19 मार्च को अगली सुनवाई

**नयी दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने यूजीसी (उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने) विनियम, 2026 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की। कोर्ट में इन विनियमों को सामान्य वर्गों के विरुद्ध भेदभावपूर्ण होने के आधार पर चुनौती दी गई है। ऐसे में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने यूजीसी के नए नियमों पर रोक लगी दी। अब नए आदेश तक 2012 के नियम ही लागू रहेंगे।

सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि



नए नियम अस्पष्ट हैं। कोर्ट के कहा कि नए यूजीसी नियमों का दुरुपयोग हो सकता है। इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया और यूजीसी के नए नियमों पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। अब इस मामले पर अगली सुनवाई 19 मार्च को होगी।

**केंद्र और यूजीसी से जवाब मांगा**

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने इन रिट याचिकाओं की सुनवाई की। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि हमें जातिविहीन समाज की ओर बढ़ना चाहिए या हम पीछे जा रह हैं। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि क्या हम उल्टी दिशा में जा रहे। जिन्हें सुरक्षा चाहिए, उनके लिए व्यवस्था होनी चाहिए। इसी के साथ उन्होंने केंद्र और यूजीसी से जवाब मांगा है। साथ ही कहा है कि एक विशेष कमेटी भी बनाई जा सकती है। इसी के साथ नए नियमों की भाषा को स्पष्ट करने के लिए विशेषज्ञों की जरूरत पर भी जोर दिया।

**यूजीसी के नए नियमों से देशभर में आक्रोश**

दरअसल, यूजीसी रेगुलेशन, 2026 को 13 जनवरी, 2026 को नोटिफाई किया गया था। जिसे लेकर पूरे देश में आक्रोश फैल गया। जिसके बाद इसे कई याचिकाकर्ताओं ने मनमाना, भेदभावपूर्ण और संविधान के साथ-साथ यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन एक्ट, 1956 का उल्लंघन बताते हुए चुनौती दी। यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन के खिलाफ याचिकाएं मृत्युंजय तिवारी, एडवोकेट विनीत जिंदल और राहुल दीवान ने दायर की हैं। याचिकाकर्ताओं का तर्क है कि ये नियम सामान्य वर्गों के खिलाफ भेदभाव को बढ़ावा देते हैं।

## निपाह वायरस खतरा: किर्गिस्तान ने भारत से पशु उत्पादों के आयात पर रोक लगाई

**मॉस्को :** किर्गिस्तान ने निपाह वायरस के खतरे के मद्देनजर भारत से जानवरों और पशु उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक और दूसरे सबसे बड़े शहर ओश के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर आने वाले यात्रियों की जांच भी कड़ी कर दी गई है। रूस की समाचार एजेंसी तास के अनुसार, भारत में फैल रहे निपाह वायरस को देखते हुए बिश्केक और ओश आने वाली सभी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के यात्रियों के लिए सख्त संक्रमण नियंत्रण उपाय लागू किए गए हैं।

# दुनिया के लिए आशा की किरण बनकर उभर रहा है भारत : प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत दुनिया के लिए आशा की किरण बनकर उभर रहा है। साथ ही उन्होंने यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का उल्लेख करते हुए कहा कि यह महत्वाकांक्षी भारत के लिए है और देश के विनिर्माताओं को इस अवसर का लाभ उठाकर अपनी क्षमताएं बढ़ानी चाहिए। संसद के बजट सत्र के दूसरे दिन, मीडिया को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने सुधारों के क्रियान्वयन में संसद सदस्यों के सकारात्मक योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त किया। मोदी ने कहा कि उनके आलोचक भी सरकार की अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने की प्रतिबद्धता को स्वीकार करते हैं और सुधारों की यह परंपरा अगली पीढ़ी के सुधारों के साथ भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि भारत की



लोकतांत्रिक व्यवस्था और जनसांख्यिकी दुनिया के लिए बड़ी उम्मीद प्रदान करती है। प्रधानमंत्री ने कहा, लोकतंत्र के इस मंदिर में भारत के पास शक्ति, लोकतंत्र के प्रति प्रतिबद्धता और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से लिए गए फैसलों के लिए सम्मान का संदेश देने अवसर है... संदेशों को वैश्विक स्तर पर स्वीकार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय व्यवधान उत्पन्न करने का नहीं, बल्कि समाधान खोजने का है। उन्होंने कहा कि यह बजट सत्र 21वीं सदी के पहले चतुर्थांश के समापन और अगले चतुर्थांश की शुरुआत का प्रतीक है। मोदी ने कहा, वर्ष की शुरुआत बेहद सकारात्मक रही है और आत्मविश्वास से भरा भारत दुनिया के लिए आशा की किरण और आकर्षण का केंद्र बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी के नए चतुर्थांश की शुरुआत में भारत-यूरोपीय संघ के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) भारत के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और आगे की आशाजनक दिशा को दर्शाता है। उन्होंने कहा, यह समझौता महत्वाकांक्षी भारत, आकांक्षी युवाओं और आत्मनिर्भर भारत के लिए मुक्त व्यापार का प्रतीक है। उन्होंने विश्वास जताया कि भारतीय विनिर्माता इस अवसर का लाभ उठाकर अपनी उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि यूरोपीय संघ के साथ हुआ 'मदर ऑफ ऑल डील्स' करार एक विशाल बाजार खोलता है और इससे भारतीय उत्पाद कम लागत पर वहां पहुंच सकेंगे।

# एक हजार करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में कोलकाता में कई ठिकानों पर सीबीआई की छापेमारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने गुरुवार को कोलकाता में कई स्थानों पर तलाशी अभियान शुरू किया, जो लगभग 1,000 करोड़ रुपये के कथित बैंक धोखाधड़ी मामले की जांच से संबंधित है। एक अधिकारी ने बताया कि कोलकाता स्थित एक वित्त कंपनी के प्रवर्तकों के कार्यालयों और आवासों पर एक साथ तलाशी अभियान चलया गया। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर छापेमारी चली, वहां अतिरिक्त केंद्रीय बलों को तैनात किया गया था। सीबीआई के एक अधिकारी ने बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र के एक बैंक से जुड़े धोखाधड़ी के मामले में अलीपुर समेत कई स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। बैंक ने पूर्व कोलकाता स्थित एक वित्त कंपनी पर ऋण उपलब्ध कराने की आड़ में धन गबन करने का आरोप लगाया था, जिसके बाद केंद्रीय एजेंसी ने जांच शुरू की। सीबीआई अधिकारी ने बताया कि कथित तौर पर धन का गबन 2014 से 2020 के बीच हुआ। उन्होंने कहा कि मुख्य आरोप वित्त कंपनी के दो निदेशकों और उसकी एक सहयोगी फर्म के खिलाफ हैं। दोनों संस्थाओं ने ऋण के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक से संपर्क किया था और अपने आवेदनों के समर्थन में दस्तावेज जमा किए थे। प्रारंभिक जांच के बाद, सीबीआई ने आरोप लगाया कि दोनों कंपनियों ने कम से कम छह अन्य बैंकों से कई हजार करोड़ रुपये के ऋण भी लिए थे, जिनमें से एक महत्वपूर्ण हिस्सा चुकाया नहीं गया था। संबंधित सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक के दो वरिष्ठ अधिकारियों ने 2023 में 1,000 करोड़ रुपये के धोखाधड़ी मामले के संबंध में सीबीआई के समक्ष औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। अधिकारी ने बताया कि सीबीआई ने बाद में दोनों कंपनियों और उनके प्रवर्तकों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

# आज दो दिवसीय पश्चिम बंगाल दौरे पर आएंगे गृह मंत्री अमित शाह

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिवसीय दौरे के लिए 30 जनवरी को पश्चिम बंगाल पहुंचेंगे। वह इस सप्ताहांत बैरकपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं के एक सम्मेलन को संबोधित करेंगे और सिलीगुड़ी में एक सरकारी कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। बता दें कि यह एक महीने में शाह का राज्य का दूसरा दौरा होगा। इससे पहले, उन्होंने पिछले साल 30-31 दिसंबर को पार्टी संगठन से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों और सार्वजनिक आयोजनों में हिस्सा लेने के लिए कोलकाता का दौरा किया था। पार्टी सूत्रों के अनुसार, शाह के शुक्रवार की रात 8:05 बजे कोलकाता हवाई अड्डे पर पहुंचने और रात में न्यू टाउन के एक होटल में रुकने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की



शाम के लिए आधिकारिक तौर पर घोषित कोई सार्वजनिक कार्यक्रम नहीं है, लेकिन वह संगठन से जुड़े मुद्दों और चुनावी रणनीति पर चर्चा करने के लिए राज्य के वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ बंद कमरे में बैठकें कर सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, शाह शनिवार की सुबह बैरकपुर के आनंदपुरी मैदान में एक कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे, जिसमें बनगांव, बसीरहाट, बारासात और बैरकपुर के कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है। सूत्रों ने बताया कि दक्षिण बंगाल में कार्यक्रम के बाद गृह मंत्री शाह कोलकाता से सिलीगुड़ी के बागडोगरा के लिए उड़ान भरेंगे, जहां वह एक सरकारी कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

# भारत में प्रति 10 लाख लोगों पर 22 न्यायाधीश : कानून मंत्री

**नयी दिल्ली :** सरकार ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा को बताया कि भारत में प्रति 10 लाख आबादी पर करीब 22 न्यायाधीश हैं। विधि आयोग ने 1987 में अपनी 120वीं रिपोर्ट में प्रति 10 लाख जनसंख्या पर 50 न्यायाधीशों का अनुपात रखने की सिफारिश की थी। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एक सवाल के लिखित जवाब में कहा कि वर्तमान में, देश में न्यायाधीशों का अनुपात प्रति दस लाख जनसंख्या पर लगभग 22 न्यायाधीश है। उन्होंने कहा, ''किसी खास वर्ष में प्रति दस लाख जनसंख्या पर न्यायाधीशों के अनुपात की गणना करने के लिए, विधि एवं न्याय मंत्रालय 2011 की जनगणना के आंकड़ों और वर्ष 2026 में उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालयों और जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या के आधार पर मानदंड का उपयोग करता है।'' मेघवाल ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में देश में विचाराधीन कैदियों की संख्या 3,89,910 थी। मेघवाल ने कहा कि मामलों का निपटारा न्यायपालिका के अधिकार क्षेत्र में आता है। अदालतों में मामलों के लंबित रहने के कई कारण हैं, जिनमें तथ्यों की जटिलता, साक्ष्य की प्रकृति, हितधारकों (बार, जांच एजेंसियां, गवाह और वादी) का सहयोग, भौतिक बुनियादी ढांचे और कर्मचारियों की उपलब्धता आदि शामिल हैं।

# अंतरराष्ट्रीय मीडिया और वैश्विक नेतृत्व ने भारत-ईयू एफटीए को बताया ऐतिहासिक और रणनीतिक उपलब्धि

**नयी दिल्ली :** भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के पूर्ण होने को लेकर वैश्विक स्तर पर ज़बरदस्त और सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। अंतरराष्ट्रीय मीडिया, यूरोप के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व, वैश्विक उद्योग जगत और प्रतिष्ठित नीति विशेषज्ञों ने इस समझौते को आर्थिक और भू-राजनीतिक दोनों दृष्टियों से ऐतिहासिक, दूरदर्शी और सही समय पर उठाया गया कदम बताया है। लगभग दो दशकों की लंबी बातचीत के बाद हुआ यह करार भारत को वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं और व्यापार व्यवस्था के केंद्र में स्थापित करने वाला माना जा रहा है।

**अंतरराष्ट्रीय मीडिया की व्यापक सराहना**

दुनिया के प्रमुख मीडिया संस्थानों ने भारत-ईयू एफटीए की व्यापकता, महत्वाकांक्षा और रणनीतिक समय को विशेष रूप से रेखांकित किया है। ब्रिटेन के **द टेलीग्राफ** ने जेम्स क्रिस्प के लेख मोदी इज़ द रियल विनर इन मदर ऑफ ऑल ट्रेड डील्स विद ईयू में इसे सभी व्यापार समझौतों की जननी बताया। अख़बार के अनुसार, इस समझौते के तहत ईयू से भारत को होने वाले 96.6 प्रतिशत निर्यात पर टैरिफ समाप्त या कम होंगे, जबकि यूरोपीय संघ सात वर्षों में भारत के 99.5 प्रतिशत उत्पादों पर शुल्क में कटौती करेगा।

**ब्लूमबर्ग** ने इस करार को एक उभरते वैश्विक पैटर्न का उदाहरण बताते हुए लिखा कि भारत तेजी से देशों के लिए पसंदीदा आर्थिक और रणनीतिक साझेदार बन रहा है। **द वॉल स्ट्रीट जर्नल** ने इसे वैश्विक टैरिफ बाधाओं और अमेरिकी व्यापार नीतियों से उपजी अनिश्चितताओं के बीच भारत और ईयू द्वारा गठबंधन मज़बूत करने की रणनीति के रूप में देखा।

**न्यूयॉर्क टाइम्स** ने इस बात पर ज़ोर दिया कि यह समझौता दुनिया के सबसे बड़े आर्थिक ब्लॉक और सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था को एक साथ लाता है। **वॉशिंगटन पोस्ट, गार्जियन** और



**बीबीसी** ने इसे मदर ऑफ ऑल डील्स बताते हुए ऐतिहासिक करार दिया। **रॉयटर्स, एसोसिएटेड प्रेस** और **अल जज़ीरा** ने इसके पैमाने को रेखांकित करते हुए कहा कि यह समझौता वैश्विक व्यापार के लगभग एक तिहाई हिस्से को प्रभावित करेगा और 27 ट्रिलियन डॉलर के संयुक्त बाज़ार का निर्माण करेगा।

**यूरोपीय राजनीतिक नेतृत्व की प्रतिक्रिया**

यूरोप के कई वरिष्ठ नेताओं ने इस एफटीए का सार्वजनिक रूप से स्वागत किया है। जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ ने इसे विकास और समृद्धि के लिए बेहद सकारात्मक संकेत बताते हुए इसके शीघ्र कार्यान्वयन की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने इसे अब तक का सबसे बड़ा और ऐतिहासिक व्यापार समझौता करार देते हुए कहा कि इससे भारत-ईयू संबंधों को नई मजबूती मिलेगी।

स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन ने इसे सहयोग के नए युग की शुरुआत बताया, जबकि ऑस्ट्रिया के चांसलर क्रिश्चियन स्टॉक ने कहा कि यह समझौता दो अरब लोगों को लाभ पहुंचाने वाला मुक्त व्यापार क्षेत्र तैयार करता है। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन और फ्रांस के व्यापार मंत्री निकोलस फोरिसियर ने भी इसे भू-राजनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण कदम बताया।

**वैश्विक उद्योग जगत की उम्मीदें**

यूरोपीय और वैश्विक उद्योग जगत ने इस समझौते को लंबे समय से प्रतीक्षित सफलता के रूप में देखा है। एयरबस के वरिष्ठ अधिकारियों ने इसे बड़ा पल बताते हुए भारत में निवेश, तकनीक हस्तांतरण, रक्षा और अत्याधुनिक विनिर्माण में दीर्घकालिक प्रतिबद्धता दोहराई। इंडो-जर्मन चैंबर ऑफ कॉमर्स और बर्लिन चैंबर ऑफ कॉमर्स ने कहा कि भारत अब भविष्य का नहीं, बल्कि वर्तमान का बाज़ार बन चुका है।

वोक्सवैगन, बीएमडब्ल्यू और मर्सिडीज-बेंज जैसे प्रमुख ऑटोमोबाइल निर्माताओं के सीईओ ने इस समझौते से निर्यात बढ़ने और आपूर्ति शृंखलाओं के सुदृढ़ होने की संभावना जताई। यूरोप के प्रमुख व्यापार संगठनों-बिजनेसयूरोप, स्वीडिश और आयरिश व्यापार निकायों-ने भी इसे खुले और नियम-आधारित वैश्विक व्यापार की दिशा में अहम कदम बताया।

**नीति विशेषज्ञ और थिंक टैंक का विश्लेषण**

वैश्विक थिंक टैंकों और नीति विशेषज्ञों ने भारत-ईयू एफटीए को रणनीतिक रूप से सही समय पर किया गया फैसला बताया है। सेंटर फॉर स्ट्रेटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज (सीएसआईएस) और अटलांटिक काउंसिल के विशेषज्ञों के अनुसार, यह समझौता भारत की अधिक खुली और महत्वाकांक्षी व्यापार नीति को दर्शाता है। कील इंस्टीट्यूट फॉर द वर्ल्ड इकोनॉमी का अनुमान है कि इससे द्विपक्षीय व्यापार में 41 से 65 प्रतिशत तक वृद्धि हो सकती है और दोनों अर्थव्यवस्थाओं की वास्तविक आय में भी इजाफा होगा।

## चांदी चार लाख रुपये प्रति किलोग्राम के पार, सोने का भी नया रिकॉर्ड

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को चांदी की कीमतें चार लाख रुपये प्रति किलोग्राम के पार पहुंच गईं, जबकि सोना 1.83 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया। यह बढ़ोतरी वैश्विक बाजारों में तेज उछाल और सुरक्षित निवेश मानी जाने वाली इन परिसंपत्तियों के लिए निवेशकों की मजबूत मांग के कारण हुई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी में लगातार चौथे सत्र में तेजी जारी रही और यह 19,500 रुपये, या 5.06 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 4,04,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) पर पहुंच गई। चांदी बुधवार को 3,85,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 12,000 रुपये, या 7.02 प्रतिशत बढ़कर 1,83,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) के नए सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव 1,71,000 रुपये प्रति 10 ग्राम से कहीं अधिक है। बाजार सूत्रों ने कहा कि सर्राफा कीमतों में तेज उछाल काफी हद तक वैश्विक रुख के अनुरूप था, जिसमें भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने और अमेरिकी डॉलर कमजोर होने के बीच निवेशकों के सुरक्षित निवेश वाली परिसंपत्तियों की ओर रुख करने से सोने और चांदी ने नए रिकॉर्ड ऊंचाई हासिल की। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, सोना 177.14 डॉलर, या 3.3 प्रतिशत बढ़कर 5,595.02 डॉलर प्रति औंस के नए शिखर पर पहुंच गया। विदेशी व्यापार में हाजिर चांदी 3.59 डॉलर, या 3.07 प्रतिशत बढ़कर 120.45 डॉलर प्रति औंस के सवकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई।

देश का 'आर्थिक रिपोर्ट कार्ड' संसद में पेश

# भारत के व्यापक आर्थिक आधार मजबूत, वैश्विक चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया: सीतारमण

### भारत 6.8 से 7.2 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि के साथ सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश बना रहेग

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि भारत का व्यापक आर्थिक आधार अब पहले से कहीं अधिक मजबूत हो गया है। उन्होंने कहा कि देश ने वैश्विक चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है, जिसके चलते भारत की संभावित जीडीपी वृद्धि दर बढ़कर सात प्रतिशत तक पहुंच गई है। वित्त मंत्री ने संसद में आर्थिक समीक्षा 2025-26 पेश करने के बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा कि भू-राजनीतिक विखंडन और आर्थिक उथल-पुथल से भरी दुनिया में भारत एक वैश्विक चमकते सितारे के रूप में उभर कर सामने आया है जो मजबूत, स्थिर और लगातार आगे बढ़ने वाला है।

**पहले से ज्यादा मजबूत होकर उभर रहा भारत**

वित्त मंत्री ने कहा कि हमारे व्यापक आर्थिक आधार पहले से कहीं अधिक मजबूत हैं। वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद भारत को उच्च विकास पथ पर बनाए रखा गया है। हमने अपनी संभावित जीडीपी वृद्धि दर को सुधारकर सात प्रतिशत तक पहुंचाया है। आर्थिक



समीक्षा के अनुसार, वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भी भारतीय अर्थव्यवस्था ने मजबूत रफ्तार बनाए रखी है। समीक्षा में अगले वित्त वर्ष के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत से 7.2 प्रतिशत के दायरे में रहने का अनुमान जताया गया है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के अनुमानों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। भारत लगातार चौथे वर्ष दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। समीक्षा में देश के संभावित वृद्धि अनुमान को तीन वर्ष पहले के 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर अब सात प्रतिशत कर दिया गया है।

**100 अरब डॉलर तक एक्सपोर्ट**

आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट में कहा गया है कि मूल्य के लिहाज़ से दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कृषि उत्पादक देश अगले चार वर्षों में कृषि, समुद्री तथा खाद्य एवं पेय पदार्थों के निर्यात को 100 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचा सकता है। साथ ही, इसमें चेतावनी दी गई है कि बार-बार किए जाने वाले नीतिगत बदलाव आपूर्ति श्रृंखलाओं में बाधा पैदा कर सकते हैं, अनिश्चितता बढ़ा सकते हैं और विदेशी खरीदारों को वैकल्पिक स्रोतों की ओर रुख करने के लिए मजबूर कर सकते हैं। ऐसी स्थिति में खोए हुए निर्यात बाजारों को दोबारा हासिल करना कठिन हो जाएगा।

### यात्री किराये में बढ़ोतरी से माल ढुलाई पर रेलवे की निर्भरता कम हुई

संसद में बृहस्पतिवार को पेश वित्त वर्ष 2025-26 की आर्थिक समीक्षा के अनुसार रेल मंत्रालय ने पिछले पांच वर्षों में तीन बार यात्री किराये को 'तर्कसंगत' बनाया है। इसके चलते रेलवे की कुल आय में माल ढुलाई से होने वाली कमाई की हिस्सेदारी धीरे-धीरे 68 प्रतिशत से घटकर 65 प्रतिशत हो गई है। वित्त वर्ष 2025-26 में इसके और गिरकर 62 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।

### गरीबी में आई कमी, सबसे निचले तबके की खपत में तेज वृद्धि

सरकार के लक्षित कल्याणकारी उपायों से गरीबी में उल्लेखनीय कमी आई है और आय वितरण में सुधार हुआ है। इससे सबसे निचली पांच से 10 प्रतिशत आबादी के उपभोग व्यय में सबसे तेज वृद्धि दर्ज की गई है। संसद में बृहस्पतिवार को पेश आर्थिक समीक्षा में यह कहा गया। समीक्षा में सब्सिडी, पेंशन, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण और शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा पर सार्वजनिक व्यय के सकारात्मक परिणामों का जिक्र किया है। इन उपायों से कमजोर वर्ग अभाव से बाहर आए हैं। यह बात नवीनतम घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण (एचसीईएस) 2023-24 से सामने आई है। इससे पता चलता है कि उपभोग असमानता में कमी और सबसे वंचित समूह को उल्लेखनीय लाभ हुआ है।

### विकसित भारत की रूपरेखा पेश करती है आर्थिक समीक्षा: प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि आर्थिक समीक्षा देश की मजबूत आर्थिक बुनियाद, सतत वृद्धि तथा राष्ट्र निर्माण में नवाचार, उद्यमिता और अवसंरचना की बढ़ती भूमिका को दर्शाती है।

## महाराष्ट्र में खलेगी अजित पवार की कमी

बुधवार सुबह बारामती के पास हुई एक विमान दुर्घटना में महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार व चालक दल के सदस्यों समेत पांच लोगों की दुखद मृत्यु हो गई। मुंबई से बारामती आ रहा चार्टर विमान मौसम की खराबी के कारण रनवे के करीब दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना के कारणों का असली पता जांच के बाद ही चलेगा, मगर प्रथम दृष्टया धुंध के कारण दृश्यता में कमी ही बताया जा रहा है। महाराष्ट्र में छह बार उप मुख्यमंत्री रहे अजित पवार के राज्य में राजनीतिक योगदान को नकारा नहीं जा सकता। राज्य में तीन दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गई है और राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व अन्य विपक्षी दलों ने उनके निधन पर गहरा दुख जताया है। हालांकि, ममता बनर्जी ने उनकी मौत को लेकर कुछ सवाल खड़े किए हैं, लेकिन उनके राजनीतिक गुरु व चाचा शरद पवार ने उनकी मृत्यु को लेकर राजनीतिक बयानबाजी को खारिज किया है। निश्चय ही महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री और नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी यानी एनसीपी के नेता अजित पवार की असामयिक दुर्घटना में मृत्य ने महाराष्ट्र की राजनीति में एक शून्य जरूर पैदा कर दिया है। वहीं डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन यानी डीजीसीए के मुताबिक दुर्घटना क्रैश लैंडिंग के दौरान हुई। रनवे के निकट हुए हादसे में विमान में आग लग गई और स्थानीय लोगों के प्रयासों के बावजूद किसी को बचाया नहीं जा सका। विमान लियरजेट-45 सोलह साल पुराना था। घटना पर राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। निस्संदेह, अजित पवार जनता के नेता थे और जमीनी स्तर पर लोगों से उनका गहरा जुड़ाव था। बताया जाता है कि प्रशासनिक मामलों में उनकी समझ गहरी थी। वे वंचित वर्ग को सशक्त करने के प्रयासों के लिये जाने जाते रहे हैं।

बहरहाल, अजित पवार को महाराष्ट्र की राजनीति में उनके बदलते दांव-पेचों के लिये याद किया जाता रहेगा। उनके बारे में कहा जाता रहा है कि वे उस कहावत को हकीकत बनाते रहे हैं कि राजनीति में कोई स्थायी दोस्त नहीं होता और ना ही स्थायी दुश्मन। वे अपनों के साथ तो रहे, गैरों को भी रास आए। उन्होंने चाचा और अपने राजनीतिक गुरु शरद पवार से राजनीति के गुर सीखे। शरद पवार को महाराष्ट्र की राजनीति का चाणक्य कहा जाता रहा है, लेकिन अजित पवार ने उनसे अलग होकर अपनी नई राह भी बनायी। यूं तो उन्होंने चाचा शरद के साथ राजनीतिक पारी शुरू की लेकिन साल 2023 आने तक वे एकला चलो की राजनीति करने लगे। हालांकि, उन्होंने चाचा शरद पवार की छत्रछाया में राजनीति का ककहरा सीखा लेकिन एक समय वे पार्टी का सिंबल भी ले जाने में कामयाब रहे। फिर शरद पवार को नई पार्टी बनाकर उपस्थिति दर्ज करानी पड़ी। बारहवीं तक पढ़ाई के बावजूद वे अनुभवी नीतिकारों की सहायता से एक बेहतर प्रशासक भी साबित हुए। सहकारी चीनी मिलों से राजनीति की शुरुआत करने वाले पवार विधायक से लेकर सांसद तक चुने जाते रहे। वे राज्य में छह बार उप मुख्यमंत्री बने। साल 1991 में पहली बार बारामती से कांग्रेस के टिकट पर सांसद बने, लेकिन चाचा शरद पवार के लिये बाद में सीट खाली भी की। वे सबसे पहले 1995 में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर विधायक बने। उनकी लोकप्रियता का आकलन इस बात से किया जा सकता है कि वे सात बार विधायक चुने गए। फिर वे विलासराव देशमुख की कांग्रेस-एनसीपी गठबंधन सरकार में पहली बार सिंचाई मंत्री बने। फिर ग्रामीण विकास मंत्री भी रहे। बाद में वे एनसीपी-कांग्रेस गठबंधन में जल संसाधन मंत्री भी रहे। साल 2019 में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद उनके अचानक भाजपा गठबंधन के साथ आने और उप मुख्यमंत्री बनने ने सबको चौंकाया था। फिर पवार साल 2023 में महायुति गठबंधन का हिस्सा बनकर पांचवीं बार उप मुख्यमंत्री बने। हालांकि, एनसीपी में विभाजन के बाद शरद पवार परिवार से संबंध बनाये रखे। इसके बावजूद कि उन्होंने एनसीपी का नाम और सिंबल तक ले लिया था। महाराष्ट्र की राजनीति में अजित पवार को कई मायनों में हमेशा याद किया जाएगा।

# शिक्षा खौफनाक नहीं, बल्कि स्नेह एवं हौसलों का माध्यम बने



ललित गर्ग

जीवन को दिशा देने वाली शिक्षा यदि भय, हिंसा और दमन का पर्याय बन जाए तो वह सभ्यता की सबसे बड़ी विडंबना कही जाएगी। हाल के वर्षों में पढ़ाई के नाम पर बच्चों पर बढ़ते दबाव, घर और स्कूल में हिंसक व्यवहार तथा प्रतिस्पर्धा की अंधी दौड़ ने शिक्षा की आत्मा पर गहरा आघात किया है। फरीदाबाद की उस हृदयविदारक घटना ने, जिसमें महज गिनती न सीख पाने के कारण एक मासूम बच्ची को पिता की क्रूरता ने मौत के मुंह में धकेल दिया, पूरे समाज को कठघरे में खड़ा कर दिया है। इस तरह खौफनाक होती पढ़ाई अब केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि जन-जन से जुड़ी विडम्बना बनती जा रही है। इस तथाकथित शिक्षा की विकृत मानसिकता का भयानक परिणाम है कि आज भी यह माना जाता है कि डर और मार से बच्चों को बेहतर बनाया जा सकता है। ज्ञान की इस सदी में यह सोचना ही शर्मनाक है कि पढ़ाई के नाम पर किसी बच्चे से उसका जीवन, उसका बचपन, उसका आत्मविश्वास छीना जा सकता है।

आज शिक्षा धीरे-धीरे मानवीय संवेदनाओं से कटती जा रही है। परीक्षा परिणाम, रैंक, अंक तालिका और प्रतिस्पर्धा के आंकड़े शिक्षा का चेहरा बनते जा रहे हैं। अभिभावक अपने अधूरे सपनों का बोझ बच्चों के नाजुक कंधों पर लाद देते हैं और स्कूल उन्हें प्रदर्शन की मशीन मानकर आंकने लगते हैं। परिणाम यह होता है कि बच्चा पढ़ाई को उत्सव या खोज की प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक खौफनाक दायित्व के रूप में देखने लगता है। घर, जो सबसे सुरक्षित और स्नेहपूर्ण स्थान होना चाहिए, वहीं डर का अड्डा बन जाता है। स्कूल, जो जिज्ञासा और रचनात्मकता को पंख देने का माध्यम होना चाहिए, वह दंड और अपमान का स्थल बन जाता है। ऐसे में मासूम मन कहां जाए, किससे अपने भय और असहायता को साझा करे। मनोविज्ञान और शिक्षा शास्त्र के तमाम अध्ययन यह स्पष्ट कर चुके हैं कि हिंसा, डांट, डर और अपमान बच्चों की सीखने की क्षमता को नष्ट करते हैं। डर के माहौल में बच्चा न तो प्रश्न पूछ पाता है, न प्रयोग कर पाता है और न ही अपनी गलतियों से सीख पाता है। उसकी स्मरण शक्ति, एकाग्रता और निर्णय क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। धीरे-धीरे वह हीनभावना का शिकार हो जाता है और स्वयं को अयोग्य समझने लगता है। यह कुंठा केवल बचपन तक सीमित नहीं रहती, बल्कि पूरे जीवन उसके व्यक्तित्व पर छाया की तरह मंडराती रहती है। ऐसे बच्चे बड़े होकर भी जोखिम लेने से डरते हैं, अपनी बात रखने में संकोच करते हैं और जीवन की प्रतिस्पर्धा में आत्मविश्वास के अभाव में पिछड़ जाते हैं। यह शिक्षा नहीं, बल्कि एक तरह का मानसिक शोषण है।

हमारी सबसे बड़ी भूल यह है कि हम हर बच्चे को एक ही मापदंड से आंकना चाहते हैं। जबकि सच्चाई यह है कि हर बच्चा अपने आप में विशिष्ट है। किसी की रुचि गणित में है तो किसी की कला में, कोई खेल में खिलता है तो कोई संगीत या साहित्य में। प्रकृति ने हर बच्चे को किसी न किसी विशेष क्षमता के साथ भेजा है, लेकिन हम उसे पहचानने की बजाय एक तयशुदा पाठ्यक्रम और अपेक्षाओं की बेड़ियों में जकड़ देते हैं। नई शिक्षा नीति 2020 ने बहुआयामी शिक्षा, रुचि आधारित सीख और मूल्यपरक दृष्टि की बात जरूर की है, लेकिन जमीनी स्तर पर अभी भी अंक और रैंक की मानसिकता हावी है। कोचिंग संस्कृति, बोर्ड परीक्षाओं का भय और प्रवेश परीक्षाओं की दौड़ ने शिक्षा को और भी संकीर्ण बना दिया है। इसके साथ ही यह भी एक कटु सत्य है कि कई बच्चे जन्मजात, आनुवंशिक या परिस्थितिजन्य कारणों से सीखने में कठिनाई महसूस करते हैं। दृष्टि दोष, श्रवण समस्या, डिस्लेक्सिया, मानसिक तनाव या पारिवारिक अस्थिरता जैसी स्थितियां उनके शैक्षणिक प्रदर्शन को प्रभावित कर सकती हैं। ऐसे बच्चों को सबसे अधिक समझ, धैर्य और सहारे की आवश्यकता होती है, लेकिन दुर्भाग्य से वही बच्चे सबसे पहले डांट और दंड का शिकार बनते हैं। शिक्षक और अभिभावक उनकी समस्या को समझने की बजाय उन्हें आलसी या अयोग्य ठहरा देते हैं। यह रवैया न केवल अमानवीय है, बल्कि भविष्य की पीढ़ी के साथ अन्याय भी है।

शिक्षा का मूल उद्देश्य केवल सूचना देना नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण करना है। यदि शिक्षा अहिंसा, करुणा, सहानुभूति और आत्मसम्मान का पाठ नहीं पढ़ाती, तो वह अधूरी है। बच्चों को सिखाने का सबसे प्रभावी माध्यम उदाहरण होता है। जब वे घर और स्कूल में संवाद, धैर्य और प्रेम देखते हैं, तभी वे भी वही मूल्य आत्मसात करते हैं। भय के वातावरण में पले बच्चे या तो दब्बू बन जाते हैं या फिर हिंसा को ही समाधान मानने लगते हैं। समाज में बढ़ती असहिष्णुता और आक्रामकता के पीछे कहीं न कहीं वही शिक्षा व्यवस्था जिम्मेदार है जो संवेदनशील मनुष्यों के बजाय केवल प्रतिस्पर्धी उपभोक्ता तैयार कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बार-बार परीक्षा के तनाव को कम करने और शिक्षा को जीवन से जोड़ने की अपील इस बात का संकेत है कि समस्या गंभीर है। लेकिन केवल भाषणों और नीतियों से बदलाव नहीं आएगा। असली परिवर्तन तब होगा जब अभिभावक यह समझेंगे कि उनका बच्चा उनकी प्रतिष्ठा का साधन नहीं, बल्कि एक स्वतंत्र व्यक्तित्व है। जब शिक्षक यह मानेंगे कि उनका दायित्व केवल पाठ्यक्रम पूरा करना नहीं, बल्कि बच्चों में सीखने की ललक जगाना है। जब स्कूल प्रशासन दंड की संस्कृति छोड़कर सहयोग और परामर्श की व्यवस्था विकसित करेगा। और जब समाज यह स्वीकार करेगा कि असफलता भी सीखने की प्रक्रिया का हिस्सा है, कोई अपराध नहीं।

आज जरूरत है शिक्षा को फिर से मानवीय बनाने की। ऐसी शिक्षा की, जिसमें स्नेह अनुशासन का आधार हो, संवाद दंड का विकल्प बने और विश्वास भय की जगह ले। बच्चों को यह एहसास कराया जाए कि वे जैसे हैं, वैसे ही स्वीकार्य हैं और उनकी प्रगति का रास्ता उनकी अपनी गति से तय होगा। शिक्षा को अहिंसक दृष्टि से देखना केवल नैतिक आग्रह नहीं, बल्कि व्यावहारिक आवश्यकता भी है। क्योंकि जिस समाज की शिक्षा बच्चों को तोड़ती है, वह समाज कभी मजबूत नहीं हो सकता। मासूमों को डर नहीं, हौसले का संबल चाहिए; डांट नहीं, दिशा चाहिए; और हिंसा नहीं, विश्वास चाहिए। तभी शिक्षा सचमुच जीवन देने वाली बन सकेगी, जीवन लेने वाली नहीं।

नेशनल प्रोग्रेसिव स्कूल्स कॉन्फ्रेंस (एनपीएससी) भारत के 250 से ज्यादा प्रमुख प्राइवेट सीनियर सेकेंडरी स्कूलों का एक प्रमुख एसोसिएशन है, शिक्षा की क्वालिटी को बेहतर बनाने के लिए एनसीईआरटी और एनआईईपीए जैसे सरकारी निकायों के साथ मिलकर काम करता है, जिसमें पॉलिसी सुधार, पढ़ाने-सीखने के तरीकों और सर्वांगीण विकास पर ध्यान दिया जाता है। जिसका उद्देश्य शैक्षिक पहलों, टेक्नोलॉजी के इंटीग्रेशन और मूल्य-आधारित शिक्षा के माध्यम से शिक्षा को बेहतर बनाना। इसी से जुड़ी डॉ. उषा राम भारतीय स्कूल शिक्षा क्षेत्र में एक अनुभवी शिक्षिका और लीडर हैं, इसी तरह श्रीनिवासन श्रीराम द मान स्कूल, दिल्ली के प्रिंसिपल हैं, जिनके पास रेजिडेंशियल पब्लिक स्कूल शिक्षा और आईटी एडमिनिस्ट्रेशन में 30 से ज्यादा सालों का अनुभव है। मेयो कॉलेज में कंप्यूटर साइंस के पूर्व हेड होने के नाते, वे आईसीटी इंटीग्रेशन और इक्कीसवीं सदी की लर्निंग में एक्सपर्ट हैं। इन दोनों शिक्षाशास्त्रियों से कल ही प्लेटीनम वैली इन्टरनेशनल स्कूल में नई शिक्षा नीति-2020 को लेकर सार्थक चर्चा हुईं। सर्वसम्मति यही सामने आयी कि आज सबसे बड़ा और चिंताजनक प्रश्न यह है कि जो शिक्षा जीवन निर्माण, चरित्र गठन और मानवीय मूल्यों के संवर्धन का माध्यम होनी चाहिए थी, वही शिक्षा धीरे-धीरे विध्वंस का कारक क्यों बनती जा रही है। जब शिक्षा सही दिशा में आगे नहीं बढ़ती, जब वह अहिंसा, करुणा, सह-अस्तित्व और नैतिक विवेक से संपन्न नागरिकों का निर्माण करने में विफल रहती है, तब उससे निकलने वाली पीढ़ियां केवल व्यक्तिगत स्तर पर ही नहीं, बल्कि सामाजिक, राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर भी संकट का कारण बनती हैं।

## समीक्षा स्पोर्ट्स

# मैं अपनी सोच को बेहतर बना रहा हूं, मैं अब अधिक 'स्मार्ट' क्रिकेटर बन गया हूं : शिवम दुबे



**विशाखापत्तनम :** भारतीय ऑलराउंडर शिवम दुबे ने विशाखा-पत्तनम की सुहावनी रात में न्यूजीलैंड के खिलाफ 23 गेंदों में 65 रन की तूफानी पारी खेलकर तेज गेंदबाजी के खिलाफ अधिक सहज होकर खेलने का शानदार नमूना पेश किया और इसका श्रेय अपनी बेहतर 'मानसिकता' को दिया जिसने उन्हें 'अधिक समझदार' क्रिकेटर बनाया। इसमें कोई संदेह नहीं कि लेग-स्पिनर ईश सोढ़ी के एक ओवर में बनाए गए 29 रन के कारण दुबे को अधिक सुर्खियां मिलेगी, लेकिन तेज गेंदबाजों जैकब डफी और मैट हेनरी के खिलाफ लगाए गए उनके तीन छक्के भी उतने ही महत्वपूर्ण थे। यह एक स्पष्ट संकेत था कि अब वह केवल स्पिनरों को ही निशाना नहीं बनाते हैं बल्कि तेज गेंदबाजों पर भी बड़े शॉट खेल सकते हैं। उन्होंने कहा कि शीर्ष स्तर की क्रिकेट में लगातार खेलने से उन्हें इसमें मदद मिली। दुबे ने यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भारत की 50 रन से हार के बाद संवाददाताओं से कहा, ''यह सब मेरी कड़ी मेहनत का नतीजा है। लगातार मैच खेलने और ऐसी परिस्थितियों में बल्लेबाजी करने से मेरी मानसिकता बेहतर हो रही है। इसलिए मैं यहां समझने लग गया हूं कि आगे क्या होगा और गेंदबाज क्या सोच कर मेरे लिए गेंदबाजी करेगा।'' दुबे ने इस श्रृंखला में नियमित तौर पर गेंदबाजी भी की है लेकिन इस मैच में उन्हें गेंद नहीं सौंपी गई क्योंकि भारत पांच प्रमुख गेंदबाजों के साथ उतरा था और यहां तक की ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को भी गेंदबाजी का मौका नहीं मिला। दुबे ने कहा, ''यही मेरे बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों के लिए अहम बात है। मैं गौती भाई (गौतम गंभीर) और सूर्या भाई (सूर्यकुमार यादव) की बदौलत गेंदबाजी कर पा रहा हूं। उन्होंने मुझे गेंदबाजी का मौका दिया है। इसलिए, जब आप गेंदबाजी करते हैं, तो आप थोड़े स्मार्ट (समझदार) हो जाते हैं। मैं इस पर भी काम कर रहा हूं और कुछ और कौशल विकसित करने की कोशिश कर रहा हूं।''

## इस साल बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद, नयी पिस्टल संतुलन के मामले में बेहतर है : मनु भाकर



**नयी दिल्ली :** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर ने बृहस्पतिवार को इटली की हथियार निर्माता कंपनी पार्डिनी की नयी स्पोर्ट्स पिस्टल संतुलन के लिहाज से बेहतर करार देते हुए उम्मीद जताई कि बीते साल उम्मीदों पर खरा नहीं उतरने के बाद वह इस साल ज्यादा पोडियम (शीर्ष तीन में जगह) हासिल कर पाएंगी। यह साल भारतीय निशानेबाजों का अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर बेहद व्यस्त रहने वाला है। 2026 में भारतीय निशानेबाजों के लिए मुख्य कार्यक्रमों में घरेलू महाद्वीपीय चैम्पियनशिप, एशियाई खेल और कई आईएसएसएफ विश्व कप चरण शामिल हैं। इसमें पहली बड़ी प्रतियोगिता एशियाई चैम्पियनशिप दो से 14 फरवरी तक नयी दिल्ली के डॉ. करणी सिंह रेंज में आयोजित होगी। इसमें 17 देशों के 300 से अधिक निशानेबाज हिस्सा लेंगे। इस 23 साल की निशानेबाज ने कहा, '' 2025 मेरे लिए एक तरह से पूरा चक्र रहा। कुछ मुकाबलों में मेरा प्रदर्शन काफी अच्छा रहा और मैं अच्छी फॉर्म में थी लेकिन इस दौरान पोडियम स्थान अपेक्षाकृत कम रहे। उम्मीद है कि इसमें बदलाव होगा और मैं अपना सर्वश्रेष्ठ दूंगी। मनु 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल स्पर्धा में नयी पिस्टल का इस्तेमाल करेंगी, लेकिन 10 मीटर एयर पिस्टल में वह उसी पिस्टल से निशानेबाजी जारी रखेंगी, जिससे वह 2017 से खेलती आ रही हैं। उन्होंने नयी पिस्टल को लेकर कहा, कंपनी का दावा है कि यह सटीकता और संतुलन के मामले में बेहतर है और हम इसे आजमा रहे हैं।

## दिल्ली के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच में मुंबई के खिलाड़ियों ने पहना फेस मास्क

**मुंबई :** दिल्ली के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के ग्रुप डी मैच के पहले दिन बृहस्पतिवार को मुंबई के खिलाड़ियों को निर्माण कार्य से होने वाले प्रदूषण से बचाव के लिए मास्क पहनना पड़ा। भारतीय और मुंबई के बल्लेबाज सरफराज खान, उनके छोटे भाई मुशीर खान और स्पिनर हिमांशु सिंह को एमसीए-बीकेसी मैदान पर तीसरे सत्र के दौरान मास्क पहने देखा गया। बृहस्पतिवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) लगभग 160 था शहर में प्रदूषण के उच्च स्तर के बावजूद खिलाड़ियों द्वारा खेलते समय मास्क पहनना आम बात नहीं है। एमसीए-बीकेसी मैदान के ठीक बगल में स्थित निर्माण स्थल ने दोपहर बाद की स्थिति को और भी खराब कर दिया। इस दौरान लगभग आधे घंटे तक मुंबई के तीनों खिलाड़ियों ने क्षेत्ररक्षण करते समय मास्क पहने लेकिन बाद में उन्हें उतार दिया। खिलाड़ियों द्वारा मास्क पहनने के बारे में पूछे जाने पर मुंबई के तेज गेंदबाज मोहित अवस्थी ने कहा, '' यहां नए भवन का निर्माण कार्य चल रहा है। खिलाड़ियों को प्रदूषण महसूस हुआ और सांस लेने में दिक्कत हो रही थी, इसलिए उन्होंने मास्क पहन लिए।''

## पाकिस्तान के टी20 विश्व कप के बहिष्कार की संभावना कम, दो फरवरी को टीम कोलंबो रवाना होगी



**लाहौर :** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अपनी टी20 विश्व कप टीम के दो फरवरी की सुबह कोलंबो रवाना होने का कार्यक्रम तय कर दिया है जिससे टूर्नामेंट या 15 फरवरी को भारत के खिलाफ होने वाले अहम मुकाबले के बहिष्कार की किसी भी संभावना पर लगभग विराम लग गया है। बोर्ड से जुड़े सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सूत्र ने कहा,' पीसीबी ने विश्व कप टीम के दो फरवरी की सुबह कोलंबो रवाना होने के लिए पहले ही यात्रा की सभी तैयारियां कर ली हैं। सूत्र ने बताया कि पीसीबी ने भारत में खेलने को लेकर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की 'सुरक्षा चिंताओं' पर पूरा समर्थन जताया है, लेकिन आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) में अपनी स्थिति को नुकसान पहुंचाए बिना वह इससे आगे कुछ नहीं कर सकता। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई), पीसीबी और आईसीसी के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता भी है, जिसके तहत 2027 तक आईसीसी टूर्नामेंटों में भारत-पाकिस्तान के सभी मुकाबले तटस्थ स्थल पर खेले जाएंगे। सूत्र ने कहा, '' इसमें ध्यान रखने वाली बात यह है कि पाकिस्तान का पूरा विश्व कप कार्यक्रम श्रीलंका में है,यहां तक कि अगर टीम फाइनल में पहुंचती है तो फाइनल भी वहीं खेला जाएगा। ऐसे में वे टूर्नामेंट या भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार किस आधार पर करेंगे?

## भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कोच माइकल नोब्स का निधन

**मेलबर्न :** लंदन ओलंपिक 2012 में भारतीय पुरूष हॉकी टीम के कोच रहे आस्ट्रेलिया के पूर्व खिलाड़ी माइकल नोब्स का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया । वह 72 वर्ष के थे और उनके परिवार में पत्नी आस्ट्रेलिया की पूर्व महिला अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ली केप्स और बेटी कैटलीन है जो आस्ट्रेलिया के लिये खेलती है । हॉकी आस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा ,'' हॉकी आस्ट्रेलिया माइकल के परिवार, दोस्तों, पूर्व साथी खिलाड़ियों और उन सभी के प्रति संवेदना व्यक्त करता है जिनकी जिंदगी और कैरियर को हॉकी में नोब्स के योगदान ने गढा।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 30 जनवरी, शुक्रवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, माघ शुक्लपक्ष द्वादशी, 11:09 तक, नक्षत्र : आद्रा, 27:26 तक, योग : वैधृति, 16:50 तक, सूर्योदय: 06:14, सूर्यास्तः 17:00, चन्द्रोदय : 14:37, चन्द्रास्त: 03:50, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मकर, चन्द्र राशि : मिथुन, राहू काल : 10:27 से 11:49

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपके घर परिजनों का आना-जाना लगा रहेगा और किसी शुभ और मांगलिक का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

**वृष :** आज आपको अपनी वाणी और व्यवहार पर संयम रखना होगा, क्योंकि आपके मनमौजी स्वभाव के कारण परिवार के सदस्य भी परेशान रहेंगे।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। आप उस रिश्ते में बिल्कुल आगे ना बढ़ें, नहीं तो आपके जीवनसाथी और आपके बीच कड़वाहट की स्थिति उत्पन्न होगी।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। आप उस रिश्ते में बिल्कुल आगे ना बढ़ें, नहीं तो आपके जीवनसाथी और आपके बीच कड़वाहट की स्थिति उत्पन्न होगी।

**सिंह :** आज का दिन विद्यार्थियों के लिए बढ़िया रहने वाला है, उन्होंने यदि किसी परीक्षा को दिया था, तो उसके परिणाम आ सकते हैं। धन-धान्य में वृद्धि होगी।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा, जो जातक नौकरी की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं, उन्हें भी किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आपको राजनीति में कोई बड़ा पद मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। आपको कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी, लेकिन आपको बिजनेस में भी फायदा होगा।

**धनु :** आप अपनी जरूरत को बढ़ाने के सोर्सो पर पूरा ध्यान देंगे और संतान को किसी कोर्स में दाखिला दिलाने के लिए कहीं बाहर भी जाना पड़ सकता है।

**मकर :** आप अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिल सकते हैं, लेकिन आप यदि किसी यात्रा पर जाने की तैयारी कर रहे थे, तो कुछ समय रुक जाएं , तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

**कुम्भ :** आपको घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी और आपको अपनी जिम्मेदारियों को लेकर लापरवाही बिल्कुल नहीं करनी है।

**मीन :** आप किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा ना करें और यदि परिवार में किसी बात को लेकर मनमुटाव चल रहा है, तो उसको लेकर आप किसी बाहरी व्यक्ति से सलाह बिल्कुल ना लें।

## वर्ग पहेली नं. 3336

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | ■ | 2 | | 3 | | ■ | 4 | |
| 5 | | 6 | | ■ | | ■ | 7 | | ■ |
| | ■ | | ■ | 8 | | 9 | ■ | 10 | 11 |
| | ■ | 12 | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | |
| | ■ | ■ | 16 | | | ■ | 17 | 18 | |
| 19 | 20 | 21 | | ■ | ■ | 22 | ■ | | ■ |
| ■ | 23 | | ■ | 24 | | | 25 | | 26 |
| 27 | ■ | 28 | | | ■ | ■ | | ■ | |
| 29 | | | ■ | 30 | | | | ■ | |

*बायें से दायें:-* 2) परिचय, 4) ईख, 5) ना गरीब ना अमीर, 7) एकाग्रता, 8) पृथ्वी, 10) फिर, 12) पर्यन्त, 14) लालसा, 16) भूकर, 17) संपूर्ण, 19) ईद के दिन सामूहिक रूप से नमाज़ पढ़ने का स्थान, 23) नाश, 24) चमकदमक, 28) शिव, 29) अर्धशती, 30) नख़रेबाज़.

*ऊपर से नीचे:-* 1) विद्योपार्जन, 2) जानकारी, 3) रवैया, 4) एक गुजराथी नृत्यप्रकार, 6) कष्ट-ग्रस्त, 9) रक्तवर्णीय, 11) तर्क, 13) झगड़ा, 15) कसौटी, 18) ख़िज़ाब, 20) कुशल, 21) दुग्ध पशु, 22) घीया, 24) इमारत, 25) दुलारा, 26) दौड़ाऊ; पिदाऊ (अधिकारी), 27) बददुआ.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | ना | जा | ना | ■ | ■ | दे | ह | पा | त |
| ■ | पि | ■ | क | म | ज़ो | र | ■ | ल | ब |
| सं | त | ति | ■ | त | र | ■ | द | ■ | दी |
| गी | ■ | गु | स्से | ल | ■ | स | म | तो | ल |
| ■ | च | ना | ■ | ब | स | ■ | दा | ता | ■ |
| मु | ख | ■ | कु | ■ | बे | का | र | ■ | चु |
| सी | ना | ■ | रा | म | रा | म | ■ | उ | ल्लू |
| ब | ■ | त | र | ह | ■ | बा | रो | ष्ण | ■ |
| त | नि | क | ■ | क | र्द | म | ■ | ता | ज़ा |

## सुडोकू-पहेली-3294

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 9 | | | | |
| 2 | | | 8 | | | | | 3 |
| 6 | | | 1 | | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | | 3 | 6 | | 7 | | |
| 1 | | 3 | | | | | | 8 |
| | | 7 | 5 | | | | 8 | 2 |
| | 2 | | | 4 | | | | 9 |
| | | | 9 | | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

सूडोकू पहेली - 3293 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 5 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 3 | 6 | 9 | 2 | 8 | 5 |
| 8 | 3 | 6 | 2 | 5 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 5 | 9 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 4 | 8 |
| 6 | 1 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 6 | 2 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 1 | 5 | 6 | 7 | 4 |
| 1 | 6 | 9 | 7 | 4 | 8 | 5 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 4 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 1 |

# नवान्न के सामने धरना देने की शुभेंदु की याचिका खारिज

## हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने सिंगल बेंच के आदेश को बरकरार रखा

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी को नवान्न के सामने धरना देने की अनुमति नहीं मिली। इस मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने उनकी याचिका खारिज कर दी है। मुख्य न्यायाधीश सुजय पाल और न्यायमूर्ति पार्थसारथी सेन की पीठ ने सिंगल बेंच के आदेश को बरकरार रखा।

दरअसल, शुभेंदु अधिकारी और भाजपा ने नवान्न के गेट के सामने धरना देने की अनुमति मांगी थी। पुलिस द्वारा अनुमति न दिए जाने के बाद उन्होंने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इससे पहले न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष ने उनकी याचिका खारिज कर दी थी, जिसे चुनौती देते हुए डिवीजन बेंच में अपील दायर की गई थी। हालांकि, डिवीजन बेंच ने भी इस अपील को नामंजूर कर दिया।

अदालत ने स्पष्ट किया कि नवान्न के सामने धरना देने से मुख्यमंत्री की सुरक्षा और प्रशासनिक शांति भंग हो सकती है। कोर्ट का कहना है कि यदि धरना देना ही है तो वह मंद्रितला बस स्टैंड पर किया जा सकता है, जो नवान्न से लगभग डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर है। अदालत ने सवाल उठाया कि जब दूरी बहुत कम है, तो नवान्न के सामने ही धरने की जिद क्यों।

हाईकोर्ट ने मंद्रितला बस स्टैंड पर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक धरना देने की अनुमति दी है, लेकिन इसके साथ कई शर्तें भी लगाई हैं। धरना स्थल पर किसी भी प्रकार के उकसावे वाले या अपमानजनक भाषण पर रोक रहेगी। माइक्रोफोन का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा और ध्वनि प्रदूषण से जुड़े सभी नियमों का सख्ती से पालन करना होगा।

उल्लेखनीय है कि 16 जनवरी को शुभेंदु अधिकारी ने नवान्न के सामने धरना देने की घोषणा की थी, जिसके बाद यह मामला अदालत तक पहुंचा। अब डिवीजन बेंच से भी राहत न मिलने के बाद उनकी याचिका पूरी तरह खारिज हो गई है।

### शर्तों के साथ आनंदपुर में भाजपा की रैली को हाईकोर्ट की मंजूरी



**आनंदपुर अग्निकांड को लेकर भाजपा द्वारा प्रस्तावित रैली को कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को सशर्त अनुमति दे दी है। न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष ने रैली के लिए मार्ग और अन्य शर्तें तय की हैं। अदालत के आदेश के अनुसार, रैली गड़िया शीतला मंदिर या शहीद खुदीराम मेट्रो स्टेशन से शुरू होकर बायपास होते हुए नरेंद्रपुर थाने तक जाएगी। थाने से 200 मीटर पहले तक ही रैली जा सकेगी। रैली में अधिकतम 2000 कार्यकर्ता शामिल हो सकेंगे, जबकि ज्ञापन सौंपने के लिए केवल 5 लोगों को थाने तक जाने की अनुमति होगी। इन शर्तों के साथ अदालत ने भाजपा की रैली को हरी झंडी दी है।**

# बनगांव में कार्यक्रम के दौरान अभिनेत्री मिमी चक्रवर्ती से कथित बदसलूकी के आरोप में ज्योतिष गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बनगांव में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान कथित तौर पर बदसलूकी का शिकार होने की शिकायत करने वाली टॉलीवुड अभिनेत्री मिमी चक्रवर्ती के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। इस घटना के आरोपित और कार्यक्रम के आयोजक तन्मय शास्त्री को गुरुवार को बनगांव थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, तन्मय शास्त्री को हिरासत में लेकर थाने ले जाते समय ही उनके समर्थक थाने पहुंच गए, जिससे थाना परिसर में तनाव की स्थिति बन गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बीते रविवार को बनगांव के नयागोपालगंज इलाके में युवक संघ के तत्वावधान में एक वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में



अभिनेत्री मिमी चक्रवर्ती उपस्थित थीं। आरोप है कि कार्यक्रम के दौरान क्लब के एक पदाधिकारी तन्मय शास्त्री अचानक मंच पर चढ़ गए और मिमी चक्रवर्ती की प्रस्तुति में बाधा डालते हुए उन्हें मंच से उतर जाने को कहा। अभिनेत्री ने इस घटना को अपमानजनक बताते हुए खुद के साथ बदसलूकी होने का आरोप लगाया। दूसरी ओर, कार्यक्रम के आयोजकों का दावा है कि अभिनेत्री तय समय से काफी देर से कार्यक्रम स्थल पर पहुंची थीं। आयोजकों के अनुसार, मिमी चक्रवर्ती को रात 10.30 बजे पहुंचना था, लेकिन वह रात करीब 11.45 बजे आईं। अगले दिन स्कूलों में परीक्षा होने के कारण प्रशासन की ओर से निर्देश था कि रात 12 बजे तक माइक बजाकर कार्यक्रम समाप्त कर दिया जाए। इसी निर्देश का पालन करते हुए अभिनेत्री को कुछ देर बाद कार्यक्रम समाप्त करने के लिए कहा गया। पुलिस का कहना है कि मौके पर तनाव की स्थिति जरूर बनी, लेकिन कोई बड़ा अप्रिय हादसा नहीं हुआ। मामले की विस्तृत जांच जारी है और शिकायत के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### ब्याज दरों में कटौती से आगे अब व्यापक बुनियादी कारकों पर बाज़ार की नज़र

**कोलकाता :** बजाज फिनसर्व एएमसी के अनुसार, बीता हुआ साल इस बात की याद दिलाता है कि बाज़ार शायद ही कभी किसी सीधी लकीर या पहले से तय कहानी पर चलते हैं। बजाज फिनसर्व एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड के हेड - फिक्स्ड इनकम,सिद्धार्थ चौधरी ने कहा, पिछले साल की शुरुआत में कहानी बहुत सीधी लग रही थी-कि ब्याज दरों में कटौती से यील्ड्स नीचे आएंगी। लेकिन हकीकत कहीं अधिक जटिल निकली। जी10 अर्थव्यवस्थाओं में केंद्रीय बैंकों ने दरों में आक्रामक कटौती की, फिर भी लंबी अवधि की यील्ड्स में शायद ही कोई हलचल हुई। अमेरिका में तो फेड द्वारा दरें घटाने के बावजूद 10 साल की यील्ड्स बढ़ गईं।ऐसा इसलिए है क्योंकि बाज़ार के बुनियादी कारक-जैसे विकास की उम्मीदें, महंगाई का रुख और बॉन्ड की मांग-आपूर्ति-सिर्फ नीतिगत बदलावों से खत्म नहीं होते।

### उच्च माध्यमिक परिषद ने कक्षा 12वीं की सेमेस्टर-4 परीक्षा के लिए मॉडल प्रश्नपत्र किए वितरित

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल काउंसिल ऑफ हायर सेकेंडरी एजुकेशन ने कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए सेमेस्टर-4 की राज्य बोर्ड परीक्षाओं हेतु मॉडल प्रश्नपत्रों का वितरण शुरू कर दिया है। बोर्ड के अध्यक्ष चिरंजीब भट्टाचार्य ने बताया कि 22 विषयों के मॉडल प्रश्नपत्र 27 जनवरी से परिषद के कोलकाता स्थित मुख्यालय और राज्य के पांच क्षेत्रीय केंद्रों से उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

सेमेस्टर-4 की परीक्षाएं 12 फरवरी से 27 फरवरी के बीच आयोजित की जाएंगी। हालांकि, प्रश्नपत्रों के वितरण में हुई देरी को लेकर कई स्कूल प्रधानाचार्यों और शिक्षकों, विशेषकर विज्ञान संकाय से जुड़े शिक्षकों ने चिंता जताई है। इन चिंताओं पर प्रतिक्रिया देते हुए बोर्ड की सचिव प्रियदर्शिनी मल्लिक ने कहा कि परिषद छात्रों तक मॉडल प्रश्नपत्रों की तेज़ और व्यापक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए पीडीएफ संस्करण ऑनलाइन अपलोड करने के प्रयास कर रही है।

इस बीच, परिषद ने पाठ्यक्रम के आधुनिकीकरण पर भी जोर दिया है। अध्यक्ष चिरंजीब भट्टाचार्य ने बताया कि कंप्यूटर साइंस और कंप्यूटर एप्लीकेशन सहित कई विज्ञान विषयों के सिलेबस को समकालीन तकनीकी विकास के अनुरूप अपडेट किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस और साइबर सिक्योरिटी जैसे नए विषयों को भी उच्च माध्यमिक पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। इन पहलों का उद्देश्य पश्चिम बंगाल में विज्ञान शिक्षा को वर्तमान शैक्षणिक और तकनीकी रुझानों के अनुरूप बनाना है।

# बिना अनुमति के सड़क जाम कर रैली, सलीम, मीनाक्षी समेत 33 वामपंथी नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज

**मालदह/कोलकाता :** बिना अनुमति के सड़क अवरुद्ध करके रैली और जुलूस निकालने के आरोप में मालदह जिला पुलिस ने माकपा के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम समेत 33 वाम नेताओ के खिलाफ गैर-जमानती धाराओं के तहत स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया है। यह मामला कई धाराओं के तहत दर्ज किया गया है, जिसमें बिना सरकारी इजाजत रैली करना, सड़कें जाम करना, आम लोगों को परेशान करना, पुलिस के सरकारी काम में रुकावट डालना और कानून-व्यवस्था की समस्या पैदा करना शामिल है। पता चला है कि रैली के बाद, एक पुलिस अधिकारी ने इंग्लिश बाजार थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। ज़िला पुलिस का दावा है कि उसी के आधार पर



केस दर्ज किया गया है। मोहम्मद सलीम के अलावा, सूची में माकपा नेता मीनाक्षी मुखर्जी, सुमित दे, शतरूप घोष और कौशिक मिश्रा समेत 33 लोग शामिल हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, पुलिस ने उस दिन के सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद 23 मोटरसाइकिलों की पहचान की है। यह भी आरोप है कि शहर में बाइक जुलूस गैर-कानूनी तरीके से निकाला गया था। पता चला है कि पुलिस के खुद से किए गए केस में बाइक मालिकों को भी शामिल किया गया है। पुलिस ने 1200 अनजान लोगों पर भी आरोप लगाए हैं। उल्लेखनीय है कि माकपा ने कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश को नजरअंदाज़ करते हुए गत शनिवार को मालदह शहर के रथबाड़ी मोड़ पर नेशनल हाईवे नंबर 34 के किनारे एक रैली की। इस वजह से उस दिन दोपहर से लेकर शाम तक शहर के रथबाड़ी मोड़ पर ट्रैफ़िक काफी देर तक रुका रहा। शहर में आने वाली सड़कें लगभग जाम हो गईं। आम लोगों से लेकर छोटी गाड़ियां भी नहीं चल पा रही थीं। रोज़ाना आने-जाने वालों को परेशान होना पड़ा। रैली के बाद सलीम-मीनाक्षी ने बिना इजाजत शहर में जुलूस निकाला। आरोप है कि इस वजह से शहर में जाम भी लग गया।

# हल्दिया डॉक कॉम्प्लेक्स के प्रबंध निदेशक के रूप में ए. जयसिम्हा ने पदभार संभाला

**कोलकाता, समाज्ञा :** हल्दिया डॉक कॉम्प्लेक्स, श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट (एसएमपी), कोलकाता के लिए नया प्रबंध निदेशक नियुक्त कर दिया गया है। ए. जयसिम्हा ने 22 जनवरी 2026 से अपने पद का कार्यभार संभाल लिया है। श्री जयसिम्हा पोर्ट क्षेत्र में 36 वर्षों से अधिक का अनुभव रखते हैं। उन्होंने 1989 में चेन्नई पोर्ट से क्लास-ख अधिकारी के रूप में अपना करियर शुरू किया और बाद में चेन्नई पोर्ट अथॉरिटी, परादीप पोर्ट अथॉरिटी और कोचीन पोर्ट अथॉरिटी में मुख्य यांत्रिक अभियंता के पद पर कार्य किया। उन्होंने चेन्नई पोर्ट में एमएम कार्यों और संयंत्र एवं उपकरणों के रख-रखाव के स्वचालन को लागू किया। इसके अलावा, परादीप पोर्ट के यांत्रिक कोयला हैंडलिंग प्लांट में उत्पादकता बढ़ाने और टर्न-अराउंड



टाइम कम करने में उनके योगदान की तत्कालीन केंद्रीय शिपिंग मंत्री ने सराहना की थी। श्री जयसिम्हा का अनुभव हल्दिया डॉक कॉम्प्लेक्स के विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगा। वे सभी पोर्ट उपयोगकर्ताओं, कर्मचारियों और व्यापारिक समुदाय से सहयोग की अपील करते हैं ताकि एसएमपीए की कार्यक्षमता और पोर्ट एवं शिपिंग क्षेत्र में प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति और मजबूत हो।

# दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा पश्चिम बंगाल में छह नई रेलवे लाइनों के निर्माण कार्य की शुरुआत

**कोलकाता :** रेलवे बोर्ड द्वारा स्वीकृत पश्चिम बंगाल में छह नई रेलवे लाइनों के निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किए जाएंगे। इन नई रेलवे लाइन परियोजनाओं का निष्पादन दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा किया जाएगा, जिससे संपर्क सुविधा में सुधार होगा, क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानीय निवासियों को बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी।

**नई रेलवे लाइन परियोजनाएँ इस प्रकार हैं:**

❑ **कॉंथि-एगरा नई रेल लाइन**

26.2 किलोमीटर लंबी यह नई रेल लाइन परियोजना पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले को कवर करेगी। इस परियोजना की अनुमानित लागत 247.28 करोड़ है। यह इस क्षेत्र में एक नई रेल संपर्क सुविधा प्रदान करेगी।

❑ **नंदकुमार-बलाईपांडा नई रेल लाइन**

28 किलोमीटर लंबी यह नई रेल लाइन परियोजना पूर्व मेदिनीपुर जिले को कवर करेगी। इस लाइन के निर्माण पर अनुमानित 275.14 करोड़ की लागत आएगी। इससे क्षेत्र को नई रेल कनेक्टिविटी प्राप्त होगी।

❑ **नंदीग्राम-कंदियामारी (नयाचार) नई रेल लाइन**

7 किलोमीटर लंबी यह नई रेल लाइन परियोजना पूर्व मेदिनीपुर जिले में स्थित होगी। इस परियोजना की अनुमानित लागत 75.62 करोड़ है। यह भी क्षेत्र में नई रेल सुविधा उपलब्ध कराएगी।

❑ **बोवाइचण्डी-आरामबाग नई रेल लाइन**

31 किलोमीटर लंबी यह नई रेल लाइन परियोजना पूर्व बर्द्धमान एवं हुगली जिलों को कवर करेगी। इसकी अनुमानित लागत 267.37 करोड़ है। इस लाइन के निर्माण से बोवाइचांदी और आरामबाग के बीच रेल दूरी लगभग 90 किलोमीटर कम हो जाएगी।

❑ **बोवाइचण्डी-खाना नई रेल लाइन**

24.4 किलोमीटर लंबी यह परियोजना पूर्व बर्द्धमान जिले को कवर करेगी। इस परियोजना की अनुमानित लागत 38.92 करोड़ है। इस नई लाइन के निर्माण से बोवाइचांदी और खाना के बीच रेल दूरी लगभग 64 किलोमीटर कम हो जाएगी।

❑ **बांकुड़ा (कलावती) पुरुलिया वाया हुरा नई रेल लाइन**

65 किलोमीटर लंबी यह नई रेल लाइन परियोजना बांकुड़ा एवं पुरुलिया जिलों को कवर करेगी। इसकी अनुमानित लागत 294.89 करोड़ है।

इन नई रेलवे लाइनों से उन स्थानीय निवासियों को विशेष लाभ मिलेगा, जो अब तक रेल संपर्क से वंचित थे। नई रेल लाइनों से व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानीय लोगों के लिए नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इसके अतिरिक्त, इस नए परिवहन माध्यम से चिकित्सा एवं शैक्षिक सुविधाओं तक पहुँच भी बेहतर होगी।

# विधानसभा चुनाव से पहले माकपा नेता सलीम ने हुमायूं कबीर से की मुलाकात

**कोलकाता, समाज्ञा**

प्रदेश मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के सचिव मोहम्मद सलीम ने नवगठित जनता उन्नयन पार्टी के प्रमुख हुमायूं कबीर से मुलाकात की, जिससे आगामी विधानसभा चुनाव से पहले दोनों पार्टियों के बीच संभावित गठबंधन की अटकलें तेज हो गईं। सलीम ने कहा कि आगामी चुनाव में सीट बंटवारे के प्रस्ताव पर माकपा के नेतृत्व वाले वाम मोर्चे के भीतर चर्चा की जाएगी। उन्होंने बुधवार को न्यू टाउन के एक होटल में तृणमूल कांग्रेस के पूर्व विधायक कबीर के साथ एक घंटे लंबी बैठक की। सलीम ने कहा कि हम इस प्रस्ताव पर वाम मोर्चे में चर्चा करेंगे। उसके बाद मोर्चे से बाहर की वामपंथी पार्टियों के साथ और फिर आईएसएफ के साथ चर्चा करेंगे। कबीर के साथ अपनी मुलाकात को उनके इरादों को समझने का प्रयास बताते हुए माकपा नेता ने कहा कि कई पार्टियां ऐसी हैं जिन्होंने अब तक विधानसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे की व्यवस्था पर कोई फैसला नहीं लिया है। गठबंधन की चर्चा से इनकार करते हुए सलीम ने कहा कि मैं उनसे जानना चाहता था कि वह क्या करना चाहते हैं और उनका उद्देश्य क्या है। दूसरी तरफ, कबीर ने इस मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया लेकिन कहा कि विधानसभा चुनाव के लिए संभावित गठबंधन पर चर्चा हुई थी। कबीर ने कहा कि मैंने सलीम साहब से आग्रह किया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि गठबंधन गठन की प्रक्रिया 15 फरवरी तक पूरी हो जाए। नवगठित पार्टी के नेता ने दावा किया कि चर्चाएं सार्थक रहीं। कबीर ने कहा कि उन्होंने सलीम से गठबंधन के संबंध में आईएसएफ नेतृत्व से बात करने का अनुरोध किया था। कबीर ने यह भी कहा कि आगामी चुनाव के लिए उनकी पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) से गठबंधन के बारे में बातचीत कर सकती है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य भ्रष्ट सरकार को हराना और राज्य की जनता को एक पारदर्शी सरकार देना है।

### शेयर बाजार की गति धीमी होने से गोल्ड चमका, यह बाजार में रणनीतिक बदलाव का संकेत है : पीएल एसेट मैनेजमेंट

**कोलकाता :** पीएल एसेट मैनेजमेंट,जोकि पीएल कैपिटल ग्रुप (प्रभुदास लीलाधर) की एसेट मैनेजमेंट शाखा है, ने अपनी नई रिपोर्ट 'पीएमएस स्ट्रैटेजी अपडेट्स एंड इनसाइट्स' में बताया है कि भारतीय शेयर बाजार अभी वैश्विक अनिश्चितता, असमान भागीदारी और निवेशकों के सतर्क मनोभावों को देखते हुए कंसोलिडेशन (समेकन) के दौर से गुजर रहा है। हालांकि, घरेलू मैक्रो फंडामेंटल्सन मजबूत बने हुए हैं, लेकिन थोड़े समय में शेयरों का प्रदर्शन बाहर की परेशानियों से प्रभावित हो रहा है। नतीजतन, बाजार के फायदे कुछ चुनिंदा शेयरों से आ रहे हैं, न कि पूरे बाजार से। सिद्धार्थ वोरा, हेड - क्वॉन्टप इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटेजीज एंड फंड मैनेजर, पीएल एसेट मैनेजमेंट, ने कहा, बाजार वर्तमान में ऐसे चरण में हैं जहां परिणाम व्यापक शेयर रैलियों की बजाय परिसंपत्ति आवंटन से अधिक प्रभावित हो रहे हैं।

### मालदह रेलवे अस्पताल में नवजात देखभाल केंद्र का उद्घाटन



**मालदह :** मालदह रेलवे अस्पताल में नवजात देखभाल केंद्र का उद्घाटन एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य पहल के तहत किया गया। इस अवसर पर पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन, मालदह की अध्यक्ष स्मृति मनीषा गुप्ता और संगठन के सदस्य मौजूद थे। यह केंद्र मालदह के डीआरएम मनीष गुप्ता और मालदह रेलवे अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनुपा घोष के नेतृत्व में स्थापित किया गया है। अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस केंद्र का उद्देश्य नवजात बच्चों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है, साथ ही माताओं और उनके शिशुओं के बीच भावनात्मक जुड़ाव को मजबूत करना भी है। प्रधानमंत्री के समग्र स्वास्थ्य मिशन की दिशा में यह पहल शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) को कम करने और प्रसवकालीन एवं तुरंत प्रसवोपरांत देखभाल में एक मजबूत सहायक ढांचा प्रदान करने की उम्मीद रखती है। केंद्र की प्रभावी और सुलभ सेवाओं को सुनिश्चित करने के लिए अस्पताल के कर्मचारियों को भारतीय पीडियाट्रिक अकादमी, मालदह के सहयोग से नवजात पुनर्जीवन पर इन-हाउस प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।

# उत्तरपाड़ा में भाजपा की परिवर्तन संकल्प सभा के बाद दिखा उलटा नजारा

## दो गुटों की आपसी कलह, मंडल अध्यक्ष पर जानलेवा हमला

**हुगली, समाज्ञा :** विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा के दो गुटों के बीच पनप रहा राजनैतिक विवाद खुलकर सामने आया है। उत्तरपाड़ा में भाजपा मंडल अध्यक्ष पर जानलेवा हमला किया गया। पार्टी कार्यालय में जमकर तोड़फोड़ की गई। हुगली जिले के उत्तरपाड़ा स्थित बिड़ला मोड़ इलाके में भारतीय जनता पार्टी की ओर से परिवर्तन संकल्प सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में पश्चिम बंगाल भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष मुख्य वक्ता के तौर पर पहुंचे। अपने संबोधन में दिलीप घोष ने तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि बंगाल में बदलाव की लहर चल पड़ी है और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के कथित कुशासन से प्रदेश की जनता अब पूरी तरह ऊब चुकी है।

हालांकि, सभा के समापन के साथ ही एक बिल्कुल विपरीत तस्वीर देखने को मिली जिस तरह सिंगूर में लोगों को उम्मीद थी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उद्योगों के पुनर्स्थापन को लेकर मंच से कोई बड़ा ऐलान करेंगे, लेकिन उम्मीदें टूट गईं, ठीक उसी तरह उत्तरपाड़ा में भी भाजपा समर्थकों के बीच अनुशासनहीनता और आपसी टकराव सामने आया। सभा खत्म होते ही भाजपा के दो गुटों के बीच लंबे समय से पनप रहा आपसी द्वंद्व खुलकर सामने आ गया। पार्टी के अंदरूनी मतभेद सार्वजनिक हो गए, जिससे भाजपा की संगठनात्मक एकता पर सवाल खड़े हो गए। दिलीप घोष की सभा समाप्त होने के कुछ ही देर बाद उत्तरपाड़ा में भाजपा के दो गुटों के बीच हिंसक झड़प हो गई। आरोप है कि इस दौरान उत्तरपाड़ा स्थित भाजपा पार्टी कार्यालय में तोड़फोड़ की गई और मारपीट में मंडल अध्यक्ष गौतम माझी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

स्थानीय भाजपा नेतृत्व का कहना है कि पूरे मामले को लेकर उत्तरपाड़ा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई जाएगी। पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि हमले में शामिल व्यक्ति बुद्धदेव राय चौधरी हैं, जिनके बारे में दावा किया गया कि वे जिला अध्यक्ष सुमन घोष के करीबी बताए जा रहे हैं। हालांकि, इस पूरे मामले में दूसरे पक्ष की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

### कोलकाता पुस्तक मेले में चिल्ड्रन्स बुक ट्रस्ट ने मनाया 'चिल्ड्रन्स हैप्पीनेस डे'



**कोलकाता, समाज्ञा :** चिल्ड्रन्स बुक ट्रस्ट (सीबीटी) ने 49वें इंटरनेशनल कोलकाता बुक फेयर में अपने स्टॉल पर 'चिल्ड्रन्स हैप्पीनेस डे' मनाते हुए बुक हेल्प्स, मोबाइल हार्म्स नामक जागरूकता अभियान की शुरुआत की। इस पहल का उद्देश्य बच्चों में कम उम्र से पढ़ने की आदत विकसित करना और अत्यधिक मोबाइल फोन उपयोग के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। स्टॉल नंबर ई-63 पर सीबीटी अंग्रेजी, बंगाली, हिंदी और उर्दू में एक हजार से अधिक किफायती बच्चों की पुस्तकों का संग्रह प्रदर्शित कर रहा है। इनमें चित्र पुस्तकें, कहानी संग्रह, ज्ञानवर्धक और मूल्य आधारित किताबें शामिल हैं। इस अवसर पर चाइल्ड इन नीड इंस्टीट्यूट (सीआईएनआई) के बच्चों की भागीदारी ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध कहानीकार गोलपो दीदा, सुदेशना मोइत्रा, सीआईएनआई के नेशनल एडवोकेसी ऑफिसर सुजॉय रॉय और सीबीटी की लीड स्ट्रैटेजिस्ट राणा सिद्दीकी जमान उपस्थित रहीं। वक्ताओं ने अभिभावकों और बच्चों से संवाद कर पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देने की सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर दिया।

### कम सोडियम युक्त नमक बनाम आयोडीन युक्त नमक

**खड़गपुर :** स्वास्थ्यवर्द्धक भोजन की बात होती है तो नमक को अक्सर खलनायक मान लिया जाता है। लेकिन इतना तय है कि ज़रूरत से अधिक सोडियम के सेवन से कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी परेशानी हो सकती हैं। इसके अलावा, किस तरह के नमक का सेवन किया जाए यह समझना भी काफी पेचीदा हो सकता है। लेकिन अच्छी बात यह है कि अब, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) सक्रियता से लोगों से नियमित रूप से इस्तेमाल किये जाने वाले नमक की जगह कम सोडियम युक्त नमक के विकल्प को अपनाने का आग्रह कर रहा है।



**अखिल भारतीय प्रगतिशील सुल्तानपुर समाज के संरक्षक सूर्यनाथ सिंह, महासचिव सुरेंद्र प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष अमर बहादुर सिंह, अनुज सिंह एवं समेत अन्य सदस्य आप पार्टी से राज्यसभा सांसद संजय सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी के साथ हिंदुस्तान इंटरनेशनल होटल में आत्मीय भाव से मिले। समाज की तरफ से शॉल और समाज की उतरी देकर सम्मान किया गया।**

### जाइडस ने भारत में निवोलुमैब का दुनिया का पहला बायोसिमिलर 'तिष्ठा' किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** जाइडस लाइफसाइंसेज लिमिटेड ने कई प्रकार के कैंसर के उपचार के लिए इम्यून-ोथेरेपी दवा निवोलुमैब का दुनिया का पहला बायोसिमिलर 'तिष्ठा' भारत में लॉन्च करने की घोषणा की है। यह दवा रेफरेंस दवा की तुलना में लगभग एक-चौथाई कीमत पर उपलब्ध होगी, जिससे मरीजों के इलाज का खर्च काफी कम हो सकेगा। 'तिष्ठा' 100 मिलीग्राम और 40 मिलीग्राम की खुराक में क्रमशः 28,950 और 13,950 की कीमत पर उपलब्ध होगा। दो अलग-अलग डोज विकल्पों से डॉक्टर उपचार को मरीज की आवश्यकता के अनुसार बेहतर ढंग से तय कर सकेंगे और दवा की बर्बादी भी कम होगी। जाइडस के प्रबंध निदेशक डॉ. शारविल पी. पटेल ने कहा कि कंपनी का लक्ष्य उन्नत कैंसर उपचार को अधिक सुलभ और किफायती बनाना है।

# प्रान्तिक - सिउड़ी नई रेल लाइन परियोजना को मिली नई जीवनधारा

**कोलकाता :** बीरभूम जिले और आसपास के क्षेत्रों के समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए रेल मंत्रालय ने प्रान्तिक - सिउड़ी नई रेल लाइन (33.98 कि.मी.) परियोजना को सक्रिय कर दिया है। यह निर्णय रेलवे बोर्ड द्वारा चिनपई - साइंथिया (31.61 कि.मी.) दोहरीकरण कार्य में संशोधन के तहत स्वीकृति मिलने के बाद लिया गया। नई रेल लाइन प्रान्तिक (साहिबगंज लूप) को सिउड़ी (अंडाल-साइंथिया शाखा लाइन) से जोड़ते हुए एक रणनीतिक वैकल्पिक मार्ग का निर्माण करेगी, जिससे रेलवे नेटवर्क मजबूत और लचीला होगा। यह परियोजना सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। सिउड़ी जिला मुख्यालय है, जबकि प्रान्तिक/बोलपुर एक प्रमुख शैक्षणिक और सांस्कृतिक केंद्र है। नई लाइन से प्रशासनिक और शैक्षणिक केंद्रों के बीच आवागमन सुगम होगा।

पर्यटन क्षेत्र में भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि शांतिनिकेतन, बक्रेश्वर के गर्म जलस्रोत, तारापीठ और अन्य तीर्थ स्थल अब रेल संपर्क के माध्यम से आसानी से जुड़ सकेंगे। साथ ही, शैक्षणिक लाभ भी होंगे, क्योंकि छात्र सीधे विश्व-भारती विश्वविद्यालय और अन्य संस्थानों तक पहुंच सकेंगे। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इस परियोजना से न केवल क्षेत्रीय संपर्क बढ़ेगा, बल्कि दूरस्थ क्षेत्रों को भी राष्ट्रीय रेलवे नेटवर्क से जोड़ा जाएगा, जो पश्चिम बंगाल के सर्वांगीण विकास में अहम योगदान देगा।

# बीएसएफ उप कमांडेंट ओमकांत बैरागी को सराहनीय सेवा के लिए मिला राष्ट्रपति पुलिस पदक

❑ **38 वर्षों से बीएसएफ में दे रहे हैं सेवा, 19 साल की आयु में हुए थे भर्ती**

**कोलकाता :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी व कोलकाता में बल के पूर्वी कमान मुख्यालय में उप कमांडेंट (पीपीएस) के पद पर तैनात ओम कांत बैरागी को सराहनीय सेवा के लिए इस बार 77वें गणतंत्र दिवस-2026 पर राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। मूलतः हरियाणा के भिवानी जिला निवासी बैरागी पिछले 38 वर्षों से बीएसएफ में सेवा दे रहे हैं। मात्र 19 वर्ष की आयु में वे जुलाई, 1987 में डायरेक्ट एंट्री एसआइ के रूप में बीएसएफ में शामिल हुए थे। एक कर्तव्यनिष्ठ व बेदाग अधिकारी के तौर पर पहचान रखने वाले बैरागी ने बीएसएफ में करीब चार दशक के लंबे करियर में



विभिन्न दुर्गम क्षेत्रों जम्मू कश्मीर से लेकर पंजाब, बंगाल, त्रिपुरा सहित पूर्वोत्तर राज्यों से लगने वाली अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सेवा दी है।

बैरागी को राष्ट्रपति पदक मिलने पर बीएसएफ के महानिदेशक (डीजी) आइपीएस प्रवीण कुमार ने उन्हें पत्र भेजकर बधाई दी है और इसे पूरे सीमा सुरक्षा बल के लिए सम्मान व गौरव बताया है। डीजी ने लिखा- यह पदक आपके परिश्रम, उत्कृष्ट सेवा एवं कर्तव्य के प्रति समर्पण का प्रतिफल है।

बताते चलें कि अपनी कार्यदक्षता को प्रमाणित करते हुए बैरागी ने बीएसएफ के कई विशेष अभियानों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कार्य क्षमता व अनुभव के आधार पर उन्हें साल 2012 में राजपत्रित अधिकारी के रूप में बीएसएफ अकादमी में पदोन्नति मिली थी। इसके उपरांत बल के पश्चिमी कमान मुख्यालय, चंडीगढ़ में भी उनकी तैनाती हुई, जहां इनके कार्य की अत्यंत सराहना करते हुए विशेष महानिदेशक द्वारा सात बार प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। उत्कृष्ट सेवा के लिए बैरागी को बीएसएफ के महानिदेशक से तीन प्रशंसा पत्र के अलावा विशेष महानिदेशक, अपर महानिदेशक व आइजी से 29 बार प्रशंसा पत्र मिल चुके हैं।

# बजट 2026: व्यापारियों की उम्मीदें बढ़ीं, निवेश, रोजगार और कारोबार सुगमता पर जोर


नीतिन अग्रवाल


मनमोहन बागड़ी


विकास जायसवाल


हरि प्रसाद शर्मा


भावेन कामदार

**कोलकाता, समाज्ञा :** वित्त वर्ष 2026 का केंद्रीय बजट ऐसे समय में प्रस्तुत होने जा रहा है जब वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं, महंगाई के दबाव और घरेलू विकास की आकांक्षाओं के बीच संतुलन बनाना बेहद महत्वपूर्ण हो गया है। सरकार के सामने एक ओर राजकोषीय अनुशासन बनाए रखने की चुनौती है, तो दूसरी ओर आम नागरिकों की आय, रोजगार और जीवन स्तर को बेहतर बनाने की अपेक्षाएं भी उतनी ही प्रबल हैं। मध्यम वर्ग आयकर में राहत और महंगाई से निजात की उम्मीद लगाए बैठा है, वहीं उद्योग जगत को पूंजीगत व्यय, नीतिगत स्थिरता और मांग में वृद्धि की जरूरत है। युवाओं के लिए रोजगार सृजन, कौशल विकास और उद्यमिता को प्रोत्साहन भी बजट की प्राथमिकताओं में प्रमुख रूप से शामिल होने चाहिए। उद्योग जगत, मध्यम वर्ग, युवाओं और उद्यमियों सभी की नजर इस बात पर टिकी है कि यह बजट 2026 विकास को गति देने के साथ-साथ समावेशी और टिकाऊ आर्थिक ढांचे को किस तरह मजबूत करता है।

**❑ नीतिन अग्रवाल (को-फाउंडर, व्यापार जोन)**

इस बार केंद्रीय बजट से व्यापार जगत और आम लोगों को काफी उम्मीदें हैं। बजट में ऐसे ठोस कदम उठाए जाने चाहिए जो अर्थव्यवस्था को गति दें, बाजार में मांग बढ़ाएं और छोटे-बड़े सभी व्यवसायों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करें। इससे नए व्यापारिक अवसर पैदा होंगे और रोजगार सृजन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि कारोबार के दृष्टिकोण से कर व्यवस्था को अधिक सरल, पारदर्शी और संतुलित बनाने की आवश्यकता है। यदि टैक्स दरों में कुछ राहत दी जाती है, तो विशेष रूप से मध्यम वर्ग को फायदा होगा, जिससे उनकी क्रय शक्ति बढ़ेगी और इसका सकारात्मक असर बाजार पर भी दिखाई देगा। सरकार यदि व्यापार सुगमता बढ़ाने, प्रक्रियाओं को डिजिटल और आसान बनाने तथा छोटे उद्यमों को सहयोग देने पर ध्यान देती है, तो इससे देश की समग्र आर्थिक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी।

**❑ मनमोहन बागड़ी (डायरेक्टर, डेकोड्रीम्स फर्निशिंग)**

इस बार के बजट से उम्मीद है कि यह केवल उच्च वर्ग तक सीमित न रहकर मध्यम वर्ग और आम नागरिकों को भी महंगाई से राहत दे। उनका मानना है कि सरकार ऐसी योजनाएं और स्कीमें लागू करे जो हर वर्ग के लोगों को वास्तविक लाभ पहुंचाएं और उनकी जीवनशैली पर सकारात्मक असर डालें। साथ ही, व्यापार जगत को प्रोत्साहन देने वाली नीतियां जरूरी हैं, ताकि लोग कारोबार की ओर आकर्षित हों और नए व्यवसाय स्थापित करें। उनका मानना है कि व्यापार में वृद्धि न केवल आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देगी, बल्कि इससे रोजगार सृजन में भी मदद मिलेगी और देश में प्रति व्यक्ति आय में सुधार आएगा।

**❑ विकास जायसवाल (समाजसेवी)**

सरकार द्वारा व्यापारियों और छोटे उद्यमियों को अधिक सुविधा देने के लिए ठोस कदम उठाए जाने की उम्मीद है। उनका मानना है कि व्यापार प्रक्रियाओं को सरल बनाने, अनावश्यक नियमों को कम करने और अनुपालन बोझ घटाने से कारोबारी माहौल अधिक अनुकूल बन सकता है। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि हाल ही में लागू किए गए नए कानूनों की समीक्षा कर उनमें आवश्यक संशोधन किए जाएंगे, ताकि उनका प्रभाव व्यापार और छोटे कारोबारियों पर संतुलित रहे। साथ ही, उन्होंने आयकर स्लैब को अधिक राहतकारी और व्यावहारिक बनाने की आवश्यकता बताई, जिससे मध्यम वर्ग और आम लोगों को आर्थिक सहूलियत मिले और बाजार में मांग को भी मजबूती मिल सके।

**❑ हरि प्रसाद शर्मा (श्रीअ-रएसएच ग्रुप के चेयरमैन सह प्रबंध निदेशक)**

केंद्रीय बजट से मध्यम वर्ग को आयकर में राहत और महंगाई पर नियंत्रण के ठोस कदमों की उम्मीद है, जिससे उपभोग और मांग बढ़े। अवसंरचना, रियल एस्टेट, एमएसएमई और स्टार्ट-अप्स को प्रोत्साहन आर्थिक वृद्धि और रोजगार सृजन को गति देगा। स्वास्थ्य व शिक्षा में अधिक निवेश, डिजिटल प्रगति, हरित ऊर्जा और घरेलू विनिर्माण पर जोर भारत को आत्मनिर्भर और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने में सहायक होगा। समग्र रूप से, वित्तीय अनुशासन के साथ सामाजिक व विकासात्मक प्राथमिकताओं पर संतुलित ध्यान देने वाला बजट अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा।

**❑ भावेन कामदार, चेयरमैन, पीएचडीसीसीआई (पश्चिम बंगाल) नेशनल चेयरमैन, जीतो जितेम**

आगामी बजट से अपेक्षा है कि सरकार रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता दे और व्यापार सुगमता को बढ़ावा देने के लिए अनुपालनों को सरल और कम करे। मेक इन इंडिया को मजबूती देने वाली नीतियां घरेलू उद्योग को नई गति देंगी। भारत एक युवा देश है, इसलिए तकनीक और नवाचार को प्रोत्साहन देने का यह सही समय है। महिला उद्यमियों और महिला संचालित उद्योगों के लिए विशेष प्रोत्साहन योजनाएं आर्थिक भागीदारी बढ़ाने में सहायक होंगी। साथ ही, उड्डयन क्षेत्र में अधिक बजटीय आवंटन से निजी निवेश को बढ़ावा मिलेगा और यह क्षेत्र तेजी से विकास कर सकेगा।

# एसआईआर के 'अत्याधिक कार्यभार' की वजह से तीन अधिकारियों का तबादला

### नवान्न ने चुनाव आयोग को दिया जवाब

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य बंगाल सरकार ने गुरुवार को निर्वाचन आयोग को सूचित किया कि राज्य में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया में शामिल तीन आईएएस अधिकारियों का तबादला 'अत्यधिक कार्यभार' के कारण और प्रशासन के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए किया गया था। एक अधिकारी ने बताया कि राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज अग्रवाल को लिखे पत्र में राज्य सरकार ने तबादलों के लिए आयोग से मंजूरी मांगते हुए कहा कि यह निर्णय संबंधित अधिकारियों पर दबाव कम करने के लिए लिया गया है। अधिकारी ने



राज्य सरकार की प्रतिक्रिया का हवाला देते हुए कहा कि अधिकारियों पर काम का बहुत अधिक बोझ था। इस बोझ को कम करने और कर्तव्यों का कुशल निर्वहन सुनिश्चित करने के लिए तबादले किए गए। बता दें कि यह स्पष्टीकरण तब आया जब निर्वाचन आयोग ने राज्य सरकार से पूर्व अनुमति के बिना भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारियों के तबादलों को लेकर सवाल किया था। आयोग ने रेखांकित किया कि उसके पूर्व के निर्देश के मुताबिक एसआईआर प्रक्रिया से जुड़े किसी भी अधिकारी को आयोग की सहमति के बिना स्थानांतरित नहीं किया जाना चाहिए। स्थानांतरित किए गए तीन आईएएस अधिकारियों में उत्तर और दक्षिण दिनाजपुर जिलों का प्रभार देख रहे अश्विनी कुमार यादव, उत्तर 24 परगना जिले और कोलकाता उत्तर के प्रभारी रणधीर कुमार तथा पूर्व - पश्चिम बर्दवान जिलों और बीरभूम की प्रभारी स्मिता पांडे शामिल हैं। स्थानांतरण के समय तीनों अधिकारी मतदाता सूची पर्यवेक्षक के रूप में कार्यरत थे।

# लक्ष्मी भंडार से वंचित क्यों मोयना की 7 हजार महिलाएं? हाईकोर्ट ने राज्य से मांगी रिपोर्ट

**कोलकाता :** लक्ष्मी भंडार योजना के तहत राज्य की महिलाओं को आर्थिक सहायता दी जाती है, जिसमें सामान्य वर्ग की महिलाओं को 1,000 रुपये और अनुसूचित वर्ग की महिलाओं को 1,200 रुपये प्रतिमाह मिलते हैं। लेकिन आरोप है कि पूर्व मेदिनीपुर के मोयना इलाके की करीब 7,000 महिलाएं पिछले पांच महीनों से इस योजना की राशि से वंचित हैं। इस मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से दो सप्ताह के भीतर रिपोर्ट तलब की है। मामले की अगली सुनवाई 17 फरवरी को होगी।

बताया गया है कि मोयना के बकचार ग्राम पंचायत क्षेत्र में सितंबर 2025 से महिलाओं को लक्ष्मी भंडार की राशि नहीं मिल रही है। पीड़ित महिलाओं का आरोप है कि ग्राम पंचायत भाजपा के नियंत्रण में




होने के कारण राजनीतिक मतभेद की वजह से उन्हें योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा। महिलाओं ने दावा किया कि जिला प्रशासन के माध्यम से सीधे बैंक खातों में आने वाली राशि भी रोकी जा रही है।

इस मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सुजय पाल और न्यायमूर्ति पार्थसारथी सेन की डिवीजन बेंच में हुई। अदालत ने स्पष्ट किया कि जांच के दौरान भी योजना की राशि रोकी नहीं जानी चाहिए। राज्य सरकार से जवाब मिलने के बाद ही अगला निर्णय लिया जाएगा।

### मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक ने भारत का पहला 'पीएम ई-ड्राइव' सर्टिफाईड इलेक्ट्रिक ट्रक डिलीवर किया

**कोलकाता :** मुरूगप्पा ग्रुप के हिस्से मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक ने भारत की क्लीन मोबिलिटी यात्रा में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। कंपनी पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत सर्टिफिकेशन प्राप्त करने वाली पहली हैवी-ड्यूटी इलेक्ट्रिक ट्रक निर्माता बन गई है। इस उपलब्धि के साथ मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक ने भारत की सबसे बड़ी सीमेंट एवं रैडी-मिक्स कॉन्क्रीट कंपनी अल्ट्रा टेक सीमेंट लिमिटेड को देश का पहला पीएम ई-ड्राइव-सर्टिफाईड इलेक्ट्रिक हैवी ट्रक, राइनो 5538, ईवी 6 द 4 ट्रैक्टर ट्रेलर डिलीवर किया है। इस उपलब्धि का जश्न अरुण मुरुगप्पन, चेयरमैन-मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक (टीआई क्लीन मोबिलिटी), जलज गुप्ता, एमडी-मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक (टीआई क्लीन मोबिलिटी), साथिया राज, चीफ प्रोक्योरमेंट ऑफिसर, अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड की मौजूदगी में मनाया गया।

# सुंदरवन में बाघ से मौत की जंग, मछुआरे की हिम्मत से बची जान

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के सुंदरवन के जंगल में रॉयल बंगाल टाइगर से जीवन-मृत्यु की जंग लड़कर एक मछुआरा बाल-बाल बच गया। बाघ के हमले में गंभीर रूप से घायल मछुआरे का फिलहाल अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के बाद अन्य मछुआरों में दहशत का माहौल है। घायल मछुआरे का नाम पाथरप्रतिमा के गोबर्धनपुर कोस्टल थाना क्षेत्र के जी-प्लॉट ग्राम पंचायत अंतर्गत सत्यदासपुर निवासी बिनु भक्त (32) है। मिली जानकारी के अनुसार, वह 12 अन्य मछुआरों के साथ सुंदरवन के खाड़ी इलाके में मछली और केकड़ा पकड़ने गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बुधवार



की सुबह कोलस द्वीप के पास विजयवाड़ा जंगल से सटे खाड़ी क्षेत्र में सभी मछुआरे नदी किनारे पैदल चल रहे थे। तभी, अचानक जंगल से निकलकर एक रॉयल बंगाल टाइगर ने उन पर हमला कर दिया। बाघ ने सीधे बिनु भक्त को निशाना बनाते हुए उस पर झपट्टा मारा और जंगल की ओर घसीटने की कोशिश की। बाघ के पंजों और दांतों से बिनु के शरीर के कई हिस्सों में गहरे घाव हो गए और खून बहने लगा। हालात की गंभीरता को समझते हुए बिनु ने हार न मानते हुए जान बचाने के लिए संघर्ष शुरू कर दिया। इस दौरान, अन्य मछुआरे भी केकड़ा पकड़ने के औजार और लाठियों के सहारे बाघ पर टूट पड़े। लगातार लाठी से किए गए प्रहार के बाद आखिरकार रॉयल बंगाल टाइगर शिकार छोड़कर जंगल के भीतर भाग गया। घटना के बाद बिनु को गंभीर हालत में नाव से पाथरप्रतिमा लाया गया। पहले उसे माधवनगर ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण बाद में काकद्वीप सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में स्थानांतरित किया गया। फिलहाल, वह वहीं इलाजरत है।

## 'पार्टियों ने दिया चुनाव लड़ने का ऑफर पर, हमें इंसाफ चाहिए', आरजी कर पीड़िता के परिवार का दावा

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजी कर मेडिकल कॉलेज में 9 अगस्त 2024 को महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या की घटना ने पूरे राज्य को झकझोर कर रख दिया था। अब विधानसभा चुनाव से पहले महिला डॉक्टर के माता-पिता ने कहा कि हमें चुनाव लड़ने का ऑफर दिया जा रहा है, लेकिन हमें इंसाफ चाहिए। आरजी कर पीड़िता के माता-पिता ने पत्रकारों से बात करते हुए दावा किया है कि कई राजनीतिक पार्टियों ने उन्हें विधानसभा चुनाव लड़ने का ऑफर दिया। पीड़िता की मां ने बताया कि हम दोनों से राजनीतिक पार्टियों ने संपर्क किया था। टीएमसी ने शुरू से ही हमें राजनीति में शामिल होने का ऑफर दिया और पैसे भी ऑफर किए, लेकिन हम इस प्रस्ताव पर सहमत नहीं हुए। उन्होंने कहा कि हम लोगों को न्याय चाहिए, सरकार हमें न्याय दे। हम चुनाव लड़ने के लिए अभी तैयार नहीं हैं। इसीलिए हम इस पर अभी कुछ नहीं बोलना चाहते हैं। पीड़ित के पिता ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि टीएमसी, सीपीएम और भाजपा समेत सभी राजनीतिक पार्टियों ने हमें अगले विधानसभा चुनाव लड़ने का मौका दिया है। हम राजनीति में नहीं हैं, हम सिर्फ अपनी बेटी के लिए इंसाफ चाहते हैं और कुछ नहीं, इसलिए हमें राजनीति में आने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि हम पार्टी का साथ सभी देंगे, जब हमको इंसाफ मिलेगा। जो पार्टी हमें इंसाफ दिलाने का काम करेगी, हम उसमें शामिल हो सकते हैं, लेकिन अभी चुनाव लड़ने की कोई योजना नहीं बना रहे हैं। हमारी लड़ाई केवल इंसाफ के लिए है, इसलिए इस पर राजनीति नहीं करनी चाहिए। महिला डॉक्टर के पिता ने कहा कि उन्हें भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी की ओर से एक प्रस्ताव दिया गया था, जिसे उन्होंने स्वीकार नहीं किया।

# पश्चिम बंगाल पुलिस देश की सर्वश्रेष्ठ पुलिस में से एक : निवर्तमान डीजीपी

**❑ 'ईमानदार साहस ही पुलिस की असली ताकत', विदाई भाषण में राजीव कुमार का संदेश**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार ने गुरुवार को कहा कि बंगाल पुलिस देश की सर्वश्रेष्ठ पुलिस में से एक है, और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से निपटने में साहस ही इसकी असली ताकत है। बता दें कि राजीव कुमार 31 जनवरी को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। इस दिन, अपने विदाई भाषण में राजीव कुमार ने कहा कि ईमानदारी और साहस पुलिस के सबसे बड़े हथियार हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि पश्चिम बंगाल पुलिस देश की सर्वश्रेष्ठ पुलिस में से एक है। होम गार्ड से लेकर वरिष्ठ पदों पर आसीन अधिकारियों तक, हर किसी का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि



ईमानदारी और साहस पुलिस के सबसे बड़े हथियार हैं। साहस का मतलब अंधाधुंध गोलीबारी करना या कार्रवाई करना नहीं है। अलीपुर स्थित पुलिस बॉडीगार्ड लाइन्स में बल द्वारा सम्मानित किए गए कुमार ने उग्रवाद से निपटने में पुलिस की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि माओवादी गतिविधियों का मुकाबला करने में पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका है। अधिकारियों को नियमित रूप से चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है, और साहस ही उनकी असली ताकत है।

### बंगभूमि की कृष्ण-परंपरा को बहुल सांस्कृतिक संदर्भ में समझने का प्रयास है यह पुस्तक : प्रो. सोमा बंद्योपाध्याय

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुस्तक मेले के साहित्यिक परिवेश में वाणी प्रकाशन समूह द्वारा प्रकाशित प्रो. सोमा बंद्योपाध्याय की पुस्तक 'भारतीय भाषाओं में श्रीकृष्ण : बंगभूमि' का लोकार्पण एवं परिचर्चा आयोजित की गई। कार्यक्रम में साहित्यकारों, अध्यापकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। लोकार्पण अवसर




पर प्रो. सोमा बंद्योपाध्याय ने कहा कि यह पुस्तक बंगाल की कृष्ण-परंपरा को केवल धार्मिक दृष्टि से नहीं, बल्कि भाषा, लोकस्मृति और सांस्कृतिक बहुलता के व्यापक संदर्भ में समझने का प्रयास है। उन्होंने बताया कि बंगभूमि में श्रीकृष्ण की छवि साहित्य, कीर्तन और लोक-संस्कृति में गहराई से रची-बसी है। वाणी प्रकाशन समूह के अध्यक्ष अरुण माहेश्वरी ने कहा कि कोलकाता पुस्तक मेला ज्ञान-परंपरा का उत्सव है, जहां लेखक और पाठक संवाद करते हैं। चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अरुण कुमार माहेश्वरी ने इसे भारतीय भाषाओं के सांस्कृतिक संवाद को सुदृढ़ करने वाली कृति बताया। परिचर्चा में प्रवीर मुखोपाध्याय, सुरेश चौधरी और अध्यक्षता कर रहे प्रो. विजय भारती ने पुस्तक को बंगाल की जीवंत कृष्ण-परंपरा का महत्वपूर्ण दस्तावेज बताया। कार्यक्रम का संचालन प्रतीक सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सत्येन्द्र पाण्डेय ने दिया।

## उल्टाडांगा में मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में एक महिला समेत पांच गिरफ्तार

**❑ एक करोड़ से अधिक रुपये का मादक पदार्थ जब्त**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य पुलिस की विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने कोलकाता के आसपास के कई इलाकों में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान, पुलिस ने एक




महिला समेत पांच मादक पदार्थों के तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करों के पास से 1 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की ड्रग्स जब्त की हैं। एसटीएफ मामले की आगे की जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, एसटीएफ की एक टीम ने बुधवार को उल्टाडांगा पुलिस थाना अंतर्गत कैनाल वेस्ट रोड पर छापा मारा और उसी इलाके की निवासी अस्मा खातून पेयाडा (42) नाम की महिला को गिरफ्तार किया। उसके पास से 1.325 किलो हेरोइन बरामद की गई। पुलिस ने बताया कि इसी मामले में गत 25 जनवरी को उत्तर 24 परगना जिले के निमता थाना अंतर्गत डॉक्टर बागान इलाके से चार लोगों को गिरफ्तार किया गया और एक वाहन भी जब्त किया गया। तलाशी के दौरान कुल 3 किलो 'पाउडर' (हेरोइन की लत बढ़ाने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला पदार्थ) और 410 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। गिरफ्तार लोगों के नाम नारकेलडांगा निवासी मोहम्मद रफीक (55), उत्तर 24 परगना जिले के दत्तपुकुर निवासी अभिषेक कर्मकार (30), इसी जिले के बारासात निवासी हासिम अली (30), और नदिया जिले के कालीगंज निवासी वृंदाबन दास बैराग्य (34) है। एसटीएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कल की गिरफ्तारी के साथ, इस मामले में गिरफ्तारियों की कुल संख्या पांच हो गई है। जब्त किए गए नशीले पदार्थों का ग्रे मार्केट में अनुमानित मूल्य 1 करोड़ रुपए से अधिक है। मामले की आगे की जांच जारी है। गिरफ्तार किए गए लोगों से पूछताछ की जाएगी ताकि नशीले पदार्थों के तस्करों के नेटवर्क और इस मामले में अन्य संलिप्त लोगों के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त की जा सके।

## कन्याओं में आत्मरक्षा कौशल का अभिनव उपक्रम : आयरन बटरफ्लाइज




**कोलकाता, समाज्ञा :** आयरन बटरफ्लाइज, एक युवा-नेतृत्व वाली पहल है, जिसका उद्देश्य कन्याओं को आत्मरक्षा कौशल, आत्मविश्वास और अपनी सुरक्षा व गरिमा के लिए आवाज उठाने की क्षमता प्रदान करना है। यह कार्यक्रम लड़कियों को अपने अंतर्ज्ञान पर भरोसा करना, आत्मनिर्भर बनना और व्यावहारिक तरीकों से स्वयं की रक्षा करना सिखाता है। वर्तमान में आयरन बटरफ्लाइज सात स्कूलों से जुड़ा हुआ उपक्रम है, जहां पांच प्रशिक्षित प्रशिक्षक इस कार्यक्रम का संचालन कर रहे हैं। अब तक 800 से अधिक लड़कियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है, जो जमीनी स्तर पर बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अपने दृष्टिकोण के बारे में बात करते हुए राध्या बंसल कहती हैं कि मेरा सपना है कि कोई भी लड़की खुद को असहाय न महसूस करे-कि वह लोहे की तरह मज़बूत हो और तितली की तरह उड़ान भरना जानती हो।

### राज्य में राशन वितरण में निगरानी बढ़ाने के लिए ऐप-आधारित सिस्टम शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार ने राज्य में राशन वितरण प्रणाली पर निगरानी को और मजबूत करने के लिए और कदम उठाए हैं। इस बार, राज्य के खाद्य विभाग ने राशन वितरक के गोदामों की जांच के लिए ऐप-बेस्ड सिस्टम शुरू किया है। इसके लिए खाद्य साथी आमार राशन मोबाइल ऐप में एक नई सुविधा जोड़ी गई है। इस ऐप के जरिए, वितरक के गोदाम की जांच रिपोर्ट सीधे स्मार्टफोन से अपलोड की जा सकेगी। खाद्य विभाग के सूत्रों के मुताबिक, इस नए सिस्टम से जांच की प्रक्रिय तेज, ज़्यादा असरदार और यूज़र-फ्रेंडली हो जाएगा। अभी तक, विभाग के अधिकारी राशन की दुकानों की जांच रिपोर्ट वेब पोर्टल के जरिए जमा करते थे। खाद्य विभाग के अधिकारियों का मानना है कि इस नए सिस्टम से निगरानी मजबूत होगी।

# रथ पर सवार होकर गाजे-बाजे संग भक्त के घर पहुंची मां भगवती

**❑ कोन्नगर से कोलकाता तक निकली भव्य शोभायात्रा, भक्ति और शक्ति से गूंज उठा माहौल**

**हुगली, समाज्ञा :** हुगली जिले के कोननगर स्थित सिद्धपीठ राजराजेश्वरी सेवा मठ से मां भगवती के दिव्य आगमन का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। विशेष पूजा-अर्चना और महाआरती के पश्चात मां राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी की एक विशाल एवं भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा की शुरुआत मंदिर प्रांगण से हुई। सबसे पहले मां राजराजेश्वरी की अष्टधातु प्रतिमा की विधिवत पूजा ज्योतिषपीठ के पंडित आचार्य रवि शंकर द्विवेदी, मुख्य प्रभारी सच्चित स्वरूप महाराज एवं उप-प्रभारी श्रीधर द्विवेदी के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुई। इसके



बाद मां को रथनुमा वाहन के सिंहासन पर विराजमान किया गया।

इसी क्रम में दूसरे वाहन में ज्योतिष एवं शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानन्द सरस्वती महाराज की प्रतिमा की पूजा-अर्चना कर उन्हें भी सिंहासन पर स्थापित किया गया। दोनों वाहनों के साथ भक्तगण हाथों में पताका लिए पदयात्रा करते हुए कोननगर स्थित सिद्धेश्वरी माता काली मंदिर पहुंचे, जहां विशेष पूजा के बाद शोभायात्रा कोलकाता के सेक्टर-फाइव स्थित पानाचे बैंक्वेट पहुंची।

**❑ मां का दिव्य प्रवास, रातभर भजन-कीर्तन**

मुख्य प्रभारी सच्चित स्वरूप महाराज ने बताया कि मां त्रिपुरा सुंदरी (राजराजेश्वरी) का यंत्र श्री यंत्र है, इसी कारण श्रीयंत्र के माध्यम से मां की उपासना की जाती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी मां का चल विग्रह सुनील डागा एवं रिमझिम डागा के निवास स्थान पर पधारा।

देवी आगमन के पश्चात स्वागत, विधिवत पूजन, दर्शन, हिंगलाज सेना द्वारा सत्संग, महाआरती एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मां भगवती एक रात्रि भक्त के घर विराजमान रहीं। पूरी रात भजन, कीर्तन और सत्संग का आयोजन हुआ, जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहा।

अगले दिन मां भगवती पुनः उसी रथ पर सवार होकर मंदिर लौटेंगी। इसके पश्चात भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। उल्लेखनीय है कि आज से 30 वर्ष पूर्व ज्योतिष एवं शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानन्द सरस्वती महाराज द्वारा हुगली नदी के तट पर, 12 मंदिर घाट के समीप इस भव्य मंदिर की प्रतिष्ठा की गई थी। यह मंदिर आज जिले के सबसे भव्य और प्रतिष्ठित सिद्धपीठों में गिना जाता है। साल भर यहां सैकड़ों श्रद्धालु दूर-दराज से अपनी मनोकामनाएं लेकर आते हैं और भक्तों की मान्यता है कि मां यहां सभी की मुरादें पूर्ण करती हैं। प्रतिवर्ष माघ पूर्णिमा के शुभ अवसर पर मंदिर में पाटोत्सव दिवस मनाया जाता है। 64 योगिनियों वाले इस सिद्धपीठ में देवी भगवती का चक्र पूजन, हजारों नामों से अर्चना एवं शाकम्भरी देवी का विशेष श्रृंगार पूर्ण विधि-विधान के साथ संपन्न किया गया।

### सड़क सुरक्षा एक सार्वजनिक स्वास्थ्य प्राथमिकता है : डॉक्टर

**कोलकाता :** सड़क दुर्घटनाएँ विश्व स्तर पर चोट, विकलांगता और मृत्यु के प्रमुख कारणों में शामिल हैं। अधिकांश दुर्घटनाएँ रोकी जा सकती हैं, फिर भी ये परिवारों, स्वास्थ्य प्रणालियों और समाज पर भारी बोझ डालती हैं। चिकित्सा दृष्टिकोण से सड़क सुरक्षा को केवल यातायात नियमों तक सीमित न मानकर एक व्यापक सार्वजनिक स्वास्थ्य जिम्मेदारी के रूप में देखा जाना चाहिए, जिसमें हर सड़क उपयोगकर्ता का जागरूक और जिम्मेदार व्यवहार आवश्यक है। डॉ. कुनाल कांति पाल, सीएमआरआई कोलकाता में हड्डी रोग विशेषज्ञ ने कहा कि आपातकालीन और ट्रॉमा केयर में उनका अनुभव असुरक्षित सड़कों के वास्तविक और दीर्घकालिक प्रभावों को उजागर करता है।

# माध्यमिक परीक्षा के लिए फरवरी में कोलकाता में होगा ट्रैफिक कंट्रोल

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में आगामी दो फरवरी से माध्यमिक परीक्षा शुरू हो रही हैं। ऐसे में हर साल की तरह कोलकाता पुलिस ट्रैफिक कंट्रोल करेगी ताकि परीक्षा देने जाते समय परीक्षार्थी ट्रैफिक जाम में न फंसें। परीक्षा के दिनों में कोलकाता पुलिस के अंतर्गत



आने वाले इलाकों में सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक सभी तरह के सामान ढोने वाले वाहनों की आवाजाही नियंत्रित की जाएगी। हालांकि, नोटिफिकेशन में बताया गया है कि भांगड़ के मामले में यह नियम लागू नहीं किया जा रहा है। कुछ वाहनों को उनके गंतव्य तक डायवर्ट के जरिए भेजा जाएगा। हालांकि, उनके रूट अभी पता नहीं हैं। हालांकि, इमरजेंसी गाड़ियां, एलपीजी सिलेंडर, पेट्रोलियम, तेल, ऑक्सीजन, दूध, दवाइयां, सब्जियां, फल, मछली वगैरह बताए गए दिनों में सुबह 8 बजे तक चलेंगी। परीक्षा केंद्र के ठीक बगल वाली सड़कों पर भी ट्रैफिक नियंत्रित किया जाएगा। बताया गया है कि जरूरत के हिसाब से ट्रैफिक रोकने और रूट बदलने का फैसला लिया जाएगा।

## न्यूज इन ब्रीफ

### जयपुर: वायुसेना के जवानों के लिए सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

**जयपुर:** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत भारतीय वायुसेना के जवानों के लिए सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम यहां आयोजित किया गया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह एक जनवरी से 31 जनवरी तक मनाया जा रहा है। एक बयान के अनुसार झोटवाड़ा में वायुसेना ऑफिस परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) के दिनेश सिंह ने सड़क सुरक्षा और सुरक्षित वाहन चालन पर व्याख्यान दिया। उन्होंने यातायात नियमों, हेलमेट और सीट बेल्ट पहनने के महत्व, 'लेन' अनुशासन और गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करने के बारे में बताया गया। उन्होंने वाहन की फिटनेस और रखरखाव, पंजीकरण के नियम, ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के बारे में भी जानकारी दी।

### ट्रक के अंदर मिला चालक का शव, आत्महत्या की आशंका

**सहारनपुर (उप्र):** सहारनपुर जिले के देवबंद इलाके में एक ट्रक चालक ने अपने वाहन के अंदर कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि देवबंद थाना क्षेत्र के मंगलोर इलाके में खड़े एक ट्रक से उसके चालक का शव रस्सी से लटका पाया गया है। मृतक की पहचान सोनू उर्फ अभय (35) के रूप में हुई है। वह खतौली इलाके के शेखपुरा गांव का रहने वाला था। सूत्रों ने बताया कि सोनू सरिया की खेप लेकर देवबंद आया था और उसने अपना ट्रक मंगलोर चौकी इलाके के पास खड़ा किया था। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शुरुआती जांच से पता लगा है कि सोनू ने यह कदम उठाने से पहले अपने परिवार से बात की थी और शक है कि उसने घरेलू विवाद के कारण खुदकुशी की है। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच जारी है।

### दुर्लभ प्रजाति के 1200 से ज्यादा कछुए बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार

**अमेठी (उप्र):** अमेठी जिले के मुंशीगंज क्षेत्र में बृहस्पतिवार को पुलिस ने दुर्लभ प्रजाति के 1200 से ज्यादा कछुए बरामद कर तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि मुंशीगंज क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान पुलिस ने एक छोटे ट्रक की तलाशी ली और उसमें से दुर्लभ प्रजाति के 1203 कछुए बरामद किए। इनकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग 30 लाख रुपए बताई गई है।

# महिला रोजगार योजना के लाभुकों को दो लाख रुपए तक अतिरिक्त सहायता देने की प्रक्रिया शुरू : नीतीश कुमार



**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बृहस्पतिवार को कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत चयनित लाभुकों को दो लाख रुपए तक की अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह राशि चरणबद्ध तरीके से दी जाएगी, बशर्ते पूर्व में दी गई सहायता राशि का सदुपयोग कर लाभुकों ने रोजगार शुरू किया हो। उन्होंने कहा कि यदि रोजगार सुचारू रूप से चल रहा हो तो आवश्यकता के अनुसार एकमुश्त राशि भी प्रदान की जा सकती है। नीतीश कुमार ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, ''महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य की महिलाओं को स्वरोजगार के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना है, ताकि प्रत्येक परिवार की एक महिला, उद्यमी के रूप में स्थापित हो सके।' उन्होंने बताया कि इस योजना के प्रथम चरण में प्रत्येक परिवार की एक महिला को 10 हजार रुपए की राशि दी गई है। अब तक एक करोड़ 56 लाख लाभुकों के खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से राशि अंतरित की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में शेष आवेदकों को भी नियमानुसार डीबीटी के माध्यम से शीघ्र ही उनके खातों में राशि भेजी जाएगी।

### समस्तीपुर में 827 करोड़ की 188 परियोजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास

**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बृहस्पतिवार को 'समृद्धि यात्रा' के क्रम में समस्तीपुर जिले में 827 करोड़ रुपए की 188 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया तथा अधिकारियों को कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की ओर से जारी बयान के अनुसार, कुमार ने जिले के लिए 470 करोड़ रुपए की 71 परियोजनाओं का शिलान्यास, 273 करोड़ रुपए की 74 परियोजनाओं का उद्घाटन और 84 करोड़ रुपए की 43 परियोजनाओं का कार्य आरंभ किया। 'समृद्धि यात्रा' के दौरान मुख्यमंत्री ने सरायरंजन स्थित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में स्थापित भाषा प्रयोगशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान शिक्षकों ने बताया कि यहां विद्यार्थियों को विभिन्न अंतरराष्ट्रीय भाषाओं का प्रशिक्षण दिया जाता है। मौके पर मौजूद एक छात्रा ने मुख्यमंत्री का फ्रेंच और अंग्रेजी भाषा में स्वागत किया।

### बिहार मंत्रिमंडल ने प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति राशि दोगुनी करने को 2,271 करोड़ रुपये की मंजूरी दी

**पटना:** बिहार मंत्रिमंडल ने अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), पिछड़ा वर्ग (बीसी) और अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) के छात्रों के लिए प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति की राशि दोगुनी करने के लिए बृहस्पतिवार को 2,271 करोड़ रुपये मंजूर किये। कैबिनेट सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद चौधरी ने यह जानकारी दी। चौधरी ने संवाददाताओं से कहा कि एससी और एसटी छात्रों के लिए प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति दरों के संशोधन हेतु 519.64 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जबकि बीसी और ईबीसी छात्रों के लिए इसी मद में 1,751.56 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने छात्रवृत्ति दरों में संशोधन को मंजूरी देते हुए कक्षा 1 से 4 के छात्रों के लिए वार्षिक छात्रवृत्ति राशि बढ़ाकर 1,200 रुपये, कक्षा 5 और 6 के लिए 2,400 रुपये, कक्षा 7 से 10 के लिए 3,600 रुपये तथा आवासीय छात्रों के लिए 6,000 रुपये वार्षिक निर्धारित की है।

## राजस्थान : जेई भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक मामले में सहायक अभियंता गिरफ्तार




**जयपुर:** राजस्थान पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) ने खुलासा किया है कि कनिष्ठ अभियंता (जेई) संयुक्त भर्ती परीक्षा-2020 के सितंबर 2021 में दोबारा आयोजन में भी प्रश्नपत्र लीक हुआ था। इस मामले में एक सहायक अभियंता को गिरफ्तार किया गया है। इसकी मूल परीक्षा को कथित तौर पर प्रश्न पत्र लीक होने के कारण रद्द किया गया था। अतिरिक्त महानिदेशक विशाल बंसल ने बृहस्पतिवार को बताया कि एसओजी ने इस मामले में वर्तमान में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में कार्यरत सहायक अभियंता गणपत लाल बिश्नोई को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपी ने 'प्रश्नपत्र लीक' के दम पर इस भर्ती परीक्षा की वरीयता सूची में 12वां स्थान हासिल किया था। बंसल के अनुसार, दिसंबर 2020 में हुई जेई भर्ती परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक मामले की जांच के दौरान पुलिस को संदेह हुआ। पुलिस ने जब आरोपियों से पूछा कि पहली परीक्षा रद्द होने के बाद वे दोबारा सफल कैसे हुए, तो उन्होंने कबूल किया कि 12 सितंबर 2021 को दोबारा आयोजित परीक्षा का प्रश्न पत्र भी परीक्षा से पहले ही लीक कर दिया गया था।

## यूपी मंत्रिमंडल ने विस्थापित हिंदू बंगाली परिवारों के पुनर्वास को मंज़ूरी दी, शहरी पुनर्विकास नीति 2026 को भी मंज़ूरी



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) से विस्थापित 99 हिंदू बंगाली परिवारों के पुनर्वास को बृहस्पतिवार को मंज़ूरी दे दी है। वरिष्ठ मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने यह जानकारी देते हुए कहा कि यह परिवार फिलहाल मेरठ जिले में झील की जमीन पर अवैध रूप से रह रहे हैं। मंत्रिमंडल बैठक के बाद पत्रकारों को जानकारी देते हुए,वित्त और संसदीय कार्य मंत्री खन्ना ने कहा कि अभी मेरठ की मवाना तहसील के नगला गोसाई गांव में रह रहे इन परिवारों को राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के आदेशों के पालन में दूसरी जगह बसाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुनर्वास योजना के तहत, 50 परिवारों को कानपुर देहात जिले की रसूलबाद तहसील के भैंसया गांव में पुनर्वास विभाग के नाम पर दर्ज 11.1375 हेक्टेयर (27.51 एकड़) जमीन पर बसाया जाएगा, जबकि बाकी 49 परिवारों को ताजपुर तरसौली गांव में 10.530 हेक्टेयर (26.01 एकड़) ज़मीन पर बसाया जाएगा। हर परिवार को 30 साल के पट्टे पर 0.50 एकड़ ज़मीन दी जाएगी, जिसे हर बार 30 साल के लिए दो बार बढ़ाया जा सकेगा, जिसकी अधिकतम पट्टा अवधि 90 साल होगी। खन्ना ने बताया कि पट्टा तय प्रीमियम या पट्टा किराए के भुगतान पर दिया जाएगा। अन्य अहम फैसलों के बारे में पत्रकारों को जानकारी देते हुए, खन्ना ने कहा कि मंत्रिमंडल ने नियोजित शहरी विकास के मकसद से शहरी पुनर्विकास नीति 2026 को मंज़ूरी दी है। यह नीति भवन मानचित्र की मंज़ूरी की प्रक्रिया को आसान बनाएगी ताकि नियमों का पालन हो सके, साथ ही संशोधित विकास शुल्क भी लागू किए जाएंगे।

## अयोध्या सामूहिक बलात्कार मामला : सपा नेता मुईद खान बरी, नौकर को 20 साल कैद की सजा

**अयोध्या (उप्र):** अयोध्या की विशेष पॉक्सो अदालत ने वर्ष 2024 में 12 साल की एक लड़की से सामूहिक बलात्कार के एक मामले में बृहस्पतिवार को समाजवादी पार्टी (सपा) नेता मुईद खान को बरी कर दिया और उसके नौकर को 20 साल की कैद की सजा सुनायी। जांच के दौरान 66 वर्षीय मुईद खान और उसके नौकर राजू का डीएनए परीक्षण किया गया था, जिसमें राजू के नमूने का मिलान भ्रूण के नमूने से हो गया, जबकि मुईद की जांच रिपोर्ट नेगेटिव आयी थी। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अदालत) निरुपमा विक्रम ने बुधवार को मुईद को बरी कर दिया था। वहीं, बृहस्पतिवार को राजू को 20 साल की कैद और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। मुईद के वकील सईद खान ने कहा, ''राजू को अदालत ने दोषी पाया है। मुईद खान और राजू का डीएनए परीक्षण किया गया था। खान की रिपोर्ट नेगेटिव आयी थी जबकि उसके नौकर राजू के नमूने का मिलान भ्रूण के नमूने से हो गया था। इसके आधार पर अदालत ने फैसला सुनाया है।' उन्होंने कहा कि जांच में यह भी पाया गया कि अपराध मुईद की बेकरी में नहीं बल्कि उससे काफी दूर एक स्थान पर हुआ था। उन्होंने बताया कि इस मामले में 13 गवाहों के बयान दर्ज किये गये थे। उन्होंने बताया कि लंबी जिरह के दौरान, जब मुईद के वकीलों ने अदालत में दलीलें देनी शुरू की तो अभियोजन पक्ष कोई जवाब नहीं दे पाया।

## राजस्थान: सड़क हादसे में महिला सहित चार बस यात्रियों की मौत

**जयपुर:** राजस्थान के भरतपुर जिले में आगरा-जयपुर राजमार्ग पर बुधवार देर रात हुए हादसे में एक महिला सहित चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। इसके अनुसार सेवर पुलिस थाना इलाके में यह हादसा उस समय हुआ जब एक स्लीपर बस सड़क पर खड़े ट्रेलर से टकरा गई। बस उत्तर प्रदेश के कासगंज से जयपुर जा रही था। सेवर के पुलिस निरीक्षक सतीश शर्मा ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से बस में फंसे यात्रियों को बचाया। मृतकों की पहचान उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के सतोवा गांव की गीता (38), उनके बेटे कान्हा (8), अलवर जिले के कठूमर के रहने वाले बस चालक मुखन सिंह (28) और एक अन्य के रूप में हुई है। शुरुआती जांच से पता चलता है कि हादसे के समय घना कोहरा था। पुलिस ने बताया कि ट्रेलर खराब हो गया था और बिना बैरिकेड या चेतावनी संकेतों के सड़क पर खड़ा था और बस चालक खराब दृश्यता के कारण उसे देख नहीं पाया।

## न्यूज अपडेट

### जयपुर में 43 हजार लीटर संदिग्ध मिलावटी घी जब्त

**जयपुर:** खाद्य सुरक्षा विभाग ने 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान के तहत बृहस्पतिवार को जयपुर में 43 हजार लीटर से अधिक घी मिलावट के संदेह पर जब्त किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। खाद्य सुरक्षा आयुक्त डॉ. टी शुभमंगला ने बताया कि श्याम विहार कॉलोनी स्थित एक फर्म 'भोग विनायक' ब्रांड से घी बनाती है। उन्होंने बताया कि प्रतापगढ़ जिले में इस ब्रांड घी के नमूने जांच रिपोर्ट में 'असुरक्षित' पाए गए थे। उन्होंने बताया कि इस पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी दल ने फर्म पर पहुंचकर जांच की तो पाया की कंपनी फर्म का जो पता खाद्य अनुज्ञा पत्र एवं कार्यालय रिकॉर्ड में है वह वहां पर नहीं होकर चोरी-छिपे अन्य स्थान से घी का कारोबार कर रही थी। अधिकारियों के अनुसार यह खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम की अवहेलना है। उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी दल ने मौके पर पाया कि इस संस्थान पर एक अन्य फर्म 'श्री श्याम मिल्क फूड प्रोडक्ट' भी संचालित हो रही है। उन्होंने बताया कि दोनों फर्मों के तीन गोदामों में भोग विनायक ब्रांड का 9,065 लीटर घी विभिन्न पैकिंग साइज में, हरियाणा क्रीम ब्रांड का 17,741 लीटर एवं नक्ष डेयरी ब्रांड का 16,617 लीटर घी विभिन्न पैकिंग साइज में पाया गया। उन्होंने बताया कि सभी ब्रांड के नमूने लेने के बाद इस 43,421 लीटर घी को मौके पर 'सीज' किया गया।

### राजस्थान के कई इलाकों में घना कोहरा, कड़ाके की ठंड

**जयपुर:** राजस्थान के कई इलाकों में कड़ाके की सर्दी जारी है जहां बृहस्पतिवार सुबह कई जगह घना कोहरा छाया रहा। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। इसके अनुसार बीते चौबीस घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा। राज्य में कहीं कहीं मध्यम से घना कोहरा छाया रहा और शीतलहर दर्ज की गई। कड़ाके की ठंड के कारण कई जगह शीत दिवस रहा। इस दौरान न्यूनतम तापमान पाली में 4.1 डिग्री, फतेहपुर व लूणकरणसर में 4.4 डिग्री, सिरोही में 4.7 डिग्री, पिलानी व सीकर में 6.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पहाड़ी स्थल माउंट आबू में यह 3.3 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में घने कोहरे व सर्दी का दौर अभी जारी रहेगा। वहीं एक नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से 31 जनवरी व 1 फरवरी को पुनः राज्य के उत्तरी व पूर्वी भागों में कहीं-कहीं मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है।

### यूपी : हत्या का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में मारा गया; दो पुलिसकर्मी घायल

लखनऊ/आगरा, 29 जनवरी (भाषा) पुलिस के एक अधिकारी की पिस्तौल छीनकर पुलिस दल पर गोली चलाने का आरोपी बृहस्पतिवार तड़के आगरा में एक पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना 23 जनवरी की रात आगरा के ट्रांस यमुना पुलिस स्टेशन क्षेत्र में राज चौहान नामक युवक की गोली मारकर की गई हत्या से जुड़ी है। पुलिस के एक बयान के अनुसार, हत्या के संबंध में मामला दर्ज किया गया था और मामले की जल्द जांच के लिए पुलिस उपायुक्त (नगर) सैय्यद अली अब्बास की देखरेख में नौ पुलिस दल बनाए गए थे। जांच के दौरान मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जिसकी पहचान आगरा जिले के खंदौली निवासी अरबाज खान उर्फ मंसूरी के रूप में हुई। बयान में कहा गया है कि गिरफ्तारी के बाद, आरोपी को अपराध में इस्तेमाल देसी पिस्तौल बरामद करने के लिए ले जाया जा रहा था, तभी बृहस्पतिवार तड़के उसने कथित तौर पर एक पुलिस उप-निरीक्षक (एसआई) की सरकारी पिस्तौल छीन ली और पुलिस पार्टी पर गोली चलाते हुए भागने की कोशिश की। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी में कांस्टेबल मनोज कुमार और एसआई ऋषि घायल हो गए।

### बिहार में कॉल सेंटर, वित्तीय सेवाओं व अकाउंटिंग केंद्र स्थापित करने पर कंपनियों को मिलेगी सब्सिडी

**पटना:** बिहार सरकार ने राज्य में कॉल सेंटर, वित्तीय सेवाओं, अकाउंटिंग और परामर्शदाता राष्ट्रीय व बहुराष्ट्रीय कंपनियों के केंद्र स्थापित करने को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बिहार वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) नीति-2026 को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस नीति को स्वीकृति दी गई। कैबिनेट बैठक के बाद सूचना भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार ने बताया कि नीति के तहत राज्य में वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) स्थापित करने वाली कंपनियों को विभिन्न प्रकार की सब्सिडी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही बिहार के स्थानीय युवाओं को रोजगार देने पर कंपनियों को अतिरिक्त प्रोत्साहन भी मिलेगा। सचिव ने कहा कि नवाचार और उन्नत प्रौद्योगिकी के केंद्र के रूप में जीसीसी की स्थापना भारत को वैश्विक ज्ञान और नवाचार केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि जीसीसी नीति-2026 का मुख्य उद्देश्य उन्नत अनुसंधान और औद्योगिक विकास के एकीकरण के माध्यम से एक सशक्त नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना है, जिससे सतत विकास एवं वैश्विक प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित की जा सके।

समागम CINE मंत्र

## राकेश मारिया की बायोपिक के लिए जॉन अब्राहम ने अपनाया नया लुक



सोशल मीडिया पर जॉन अब्राहम की कुछ तस्वीरें अचानक वायरल हुईं, जिसमें उनका नया लुक देखकर फैंस हैरान हो गए। एक्टर का लुक ऐसा था कि एक नजर में उन्हें पहचान पाना मुश्किल हो गया। यह तस्वीरें जॉन अब्राहम के फैंस ने ही अपने सोशल मीडिया पेज पर शेयर की हैं।

### क्लीन शेव लुक में दिखे जॉन अब्राहम

जॉन अब्राहम इन दिनों राकेश मारिया की बायोपिक कर रहे हैं। उनका नया लुक इसी फिल्म से जुड़ा लगता है। अपने कुछ फैंस के साथ जॉन ने फोटो क्लिक करवाई, जिसमें वह बिल्कुल क्लीन शेव नजर आ रहे हैं। साथ ही उनके बाल भी ब्लॉन्ड (इश्रेपवश) कलर में रंगे हुए नजर आए। हेयर कलर और क्लिन शेव होने की वजह से जॉन बिल्कुल बदले-बदले से नजर आ रहे हैं। साथ ही जॉन का फेस देखकर लगता है कि उन्होंने वेट लॉस भी काफी किया है। वह वायरल तस्वीर में काफी दुबले नजर आ रहे हैं।

### फैंस ने जॉन के नए लुक पर दिए रिएक्शन

जब जॉन के फैंस ने उनका नया लुक देखा तो कुछ ने पसंद किया, वहीं कुछ फैंस ने फनी कमेंट भी किए। एक यूजर ने लिखा, 'दाढ़ी तो घर की खेती है, जब चाहे उगा लो।' वहीं एक यूजर हैरान थी कि जॉन ने अपने बाल कलर करवाए हैं। एक यूजर ने कहा, 'जॉन को 'धूम' फिल्म वाले लंबे बाल रखने चाहिए।' वहीं कुछ यूजर्स ने हार्ट, फायर इमोजी जॉन अब्राहम के लुक के लिए वायरल सोशल मीडिया पोस्ट पर शेयर किए।

### जॉन अब्राहम के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स कौन से हैं?

जॉन अब्राहम पिछले साल 'द डिप्लोमेट' और 'तेहरान' जैसी फिल्मों में नजर आए थे। इस साल वह 'तारिक' नाम की एक फिल्म में नजर आएंगे। साथ ही रोहित शेट्टी की एक अनाम फिल्म का हिस्सा भी जॉन अब्राहम हैं।

## सिनेमा आपको सपने देखने की शक्ति देता है, टीवी आपको अपनेपन का एहसास दिलाता है: अक्षय कुमार



बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने मशहूर गेम शो व्हील ऑफ फॉर्च्यून के भारतीय संस्करण के प्रस्तोता के रूप में टेलीविजन पर वापसी करते हुए कहा कि पारिवारिक दर्शकों के बीच लौटना घर वापसी जैसा लगता है।

अक्षय ने इससे पहले स्टंट पर आधारित शो 'फियर फैक्टर: खतरों के खिलाड़ी' (2008-2011) की मेजबानी की थी और वह 'मास्टरशेफ इंडिया' (2010) में जज के तौर पर भी काम कर चुके हैं। अभिनेता ने कहा कि टीवी पारिवारिक दर्शकों को एकजुट कर सकता है और उन्हें उम्मीद है कि उनका नया शो इस जुड़ाव को बढ़ावा देगा।

उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, पिछले कई सालों में, मशहूर टेलीविजन कार्यक्रमों और उनके प्रस्तोताओं ने न सिर्फ मनोरंजन किया है, बल्कि भरोसा भी कायम किया है, पीढ़ियों को एक साथ जोड़ा है और ऐसे पल बनाए हैं जहां परिवार एक साथ बैठकर, खेल खेलकर जीत का जश्न मनाते हैं। मेरे लिए, 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' ऐसा है जैसे मैं अपने परिवार के साथ घर लौट आया हूं.. उन दर्शकों के बीच जो दिनभर की थकान मिटाने के लिए इकट्ठा होते हैं।

'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' 1975 में अमेरिकी टेलीविजन पर शुरू हुआ था। इसमें प्रतियोगियों को अक्षरों का अनुमान लगाकर छिपे हुए शब्दों या वाक्यांशों को खोजने की चुनौती दी जाती है।

एक बड़ा घूमता हुआ पहिया प्रत्येक सही अक्षर का मान निर्धारित करता है और खिलाड़ी बारी-बारी से पहेलियों को सुलझाते हैं। जो प्रतियोगी सफलता-पूर्वक पहेली को हल करता है और सबसे अधिक अंक प्राप्त करता है, उसे नकद पुरस्कार मिलता है।

कुमार के अनुसार, सिनेमा और टीवी दोनों अलग-अलग माध्यम हैं, जो दर्शकों का अलग-अलग तरीकों से मनोरंजन करते हैं।

अभिनेता ने कहा, 'हालांकि, टेलीविजन एक अलग तरह का बंधन बनाता है। जहां सिनेमा आपको सपने दिखाता है, वहीं टेलीविजन आपको अपनेपन का एहसास दिलाता है। यह हर दिन घरों में पहुंचता है और लोगों की दिनचर्या और बातचीत का हिस्सा बन जाता है।

कुमार ने कहा कि उन्होंने 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' की मेजबानी करने के विचार को तुरंत स्वीकार कर लिया, क्योंकि इससे उन्हें लोगों के साथ सीधे बातचीत करने का मौका मिला।

## रानी मुखर्जी पीढ़ियों तक याद रखी जाने वाली अभिनेत्री हैं: रणबीर कपूर



अभिनेता रणबीर कपूर का कहना है कि उन्हें हमेशा से लगता रहा है कि रानी मुखर्जी भारत की महानतम अभिनेत्रियों में से एक हैं और अपने काम के जरिये उन्होंने सिनेमा जगत में कीर्तिमान गढ़े हैं।

रणबीर ने सांवरिया फिल्म में सह-कलाकार रहीं रानी के बारे में विस्तारपूर्वक बात की, जिन्होंने हाल में फिल्म जगत में 30 साल पूरे किए हैं। साल 1996 में अपने पदार्पण के बाद रानी कुछ कुछ होता है, हम तुम और मर्दानी जैसी अनेक फिल्मों में अभिनय के जलवे बिखेर चुकी हैं।

रणबीर ने एक बयान में कहा, रानी मेरी पहली फिल्म 'सांवरिया' में सह-कलाकार थीं और वही पहली इंसान थीं जिन्होंने मुझसे कहा था कि अगर मैं मेहनत करूं, तो बहुत आगे जाऊंगा। उस बातचीत को मैं कभी नहीं भूल सकता क्योंकि उस समय उन्होंने मुझमें बहुत आत्मविश्वास जगाया। मैंने उन्हें एक इंसान के तौर पर भी क़रीब से देखा है, उनके काम को भी नजदीक से देखा है और उनकी शालीनता, आकर्षण व प्रतिभा से बेहद प्रभावित हुआ हूं।

अभिनेता ने कहा कि फिल्मों के चुनाव को लेकर रानी के रुख ने पर्दे पर महिलाओं को दर्शाने के तरीके को आकार दिया है।

उन्होंने कहा, पूरी इंडस्ट्री का एक साथ रानी की 30 साल की ऐतिहासिक विरासत का जश्न मनाना वाकई अद्भुत है। मुझे हमेशा लगा है कि रानी पीढ़ियों तक याद रखी जाने वाली कलाकार हैं। वह भारत की सबसे महान अभिनेत्रियों में से एक हैं, जिन्होंने अपने काम से हमारी इंडस्ट्री को परिभाषित किया है। फिल्मों और भूमिकाओं के चयन को लेकर उनके रुख ने आज स्क्रीन पर महिलाओं की प्रस्तुति को दिशा दी है। रानी मुखर्जी जल्द ही फिल्म मर्दानी 3 में अभिनय करती नजर आएंगी, जो 30 जनवरी को रिलीज होगी। फिल्म का निर्देशन अभिराज मिनावाला ने किया है और निर्माता आदित्य चोपड़ा हैं।

## धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप में अभिनेता रणवीर सिंह के खिलाफ मामला दर्ज



बेंगलुरु की 'हाई ग्राउंड्स' पुलिस ने बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह के खिलाफ सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत द्वारा बेंगलुरु निवासी वकील प्रशांत मिथल (46) की शिकायत को जांच के लिए संबंधित विभाग को सौंपे जाने के बाद बुधवार को अभिनेता के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की प्रासंगिक धाराओं में मामला दर्ज किया गया। शिकायत के अनुसार, यह घटना पिछले साल 28 नवंबर को गोवा में आयोजित भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) के समापन समारोह के दौरान हुई। शिकायत में कहा गया है कि अभिनेता ने फिल्म 'कांतारा: चैप्टर-1' के मुख्य अभिनेता की मौजूदगी में मंच पर कर्नाटक में प्रचलित पवित्र 'भूत कोला' परंपरा का कथित तौर पर मजाक उड़ाया और अपमान किया। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह 'चावुंडी दैव' के भक्त हैं, जो भूत कोला अनुष्ठान में पूजा जाने वाले एक देवता हैं और यह उनके कुलदेवता भी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अभिनेता ने 'पंजुरली/गुलिगा दैव' की दैवीय मुद्राओं की नकल अश्लील, हास्यास्पद और अपमानजनक तरीके से की और चावुंडी दैव को महिला भूत कहा। शिकायत में यह भी कहा गया कि दैव के नकल न करने के कथित अनुरोध के बावजूद रणवीर सिंह ने मंच पर 'कांतारा: चैप्टर-1' से जुड़ा एक भावुक चावुंडी दैव दृश्य प्रस्तुत किया। शिकायत में इस कृत्य को ईशनिंदा और हिंदू धार्मिक मान्यताओं का गंभीर अपमान बताया गया है। शिकायत में कहा गया कि अभिनेता का यह कृत्य सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे भक्तों में गहरा मानसिक कष्ट, गुस्सा और भारी रोष पैदा हुआ। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया, 'आरोपी ने यह कृत्य जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण तरीके से किया था, जिसका उद्देश्य धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना था।'

# बीटिंग रिट्रीट : संगीत के जरिये सैन्य शौर्य, ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और 'वंदे मातरम' की भावना का जश्न



**नयी दिल्ली :** बीटिंग रिट्रीट समारोह बृहस्पतिवार को सैन्य वीरता, ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और 'वंदे मातरम' की शाश्वत भावना का जश्न संगीत के माध्यम से व्यक्त करने के साथ संपन्न हुआ। इसी के साथ इस वर्ष के गणतंत्र दिवस समारोह का औपचारिक पटाक्षेप हो गया। विजय चौक पर आयोजित समारोह का मुख्य विषय 'वंदे मातरम' की 150 वर्षगांठ थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने की, जो बिगुल की ध्वनि के साथ एक पारंपरिक बग्गी में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचीं। भारतीय वायु सेना, नौसेना, सेना और अर्धसैनिक बलों के बैंड ने राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 'कदम कदम बढ़ाए जा', 'विजय भारत', 'बहादुर योद्धा', 'झेलम', 'जय हो', 'वीर सिपाही' और 'वंदे मातरम' सहित कई मनमोहक धुनें बजाईं। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस)जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुखों सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम स्थल पर बड़ी स्क्रीन लगाई गई थी, जिन पर समारोह की वास्तविक समय में तस्वीरें प्रसारित की जा रही थीं। इन स्क्रीन पर 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष, गगनयान मिशन और 'अमर जवान ज्योति' के प्रतीकात्मक चित्र भी प्रदर्शित किए जा रहे थे। कई बैंड के सदस्य मधुर धुनें बजाते हुए विभिन्न संरचनाओं में खड़े थे, जो देश की प्रमुख घटनाओं और उपलब्धियों का प्रतिनिधित्व कर रहे थे, जैसे कि 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष, प्रतिष्ठित सैन्य स्थल, देश के सदा सतर्क सैनिक और पिछले साल मई में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत द्वारा इस्तेमाल किए गए कुछ शक्तिशाली हथियार। इन आकृतियों में गगनयान (अंतरिक्ष उड़ान मिशन), ऑपरेशन सिंदूर, तीनों सेनाओं का लोगो और नवगठित भैरव बटालियन का प्रतीक चिह्न शामिल थे। भैरव बटालियन ने इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड में पहली बार भाग लिया। इस दौरान पिछले साल आईसीसी वनडे विश्व कप में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की जीत का प्रतीकात्मक रूप से अभिनंदन भी किया गया।

## पूरे राजकीय सम्मान के साथ अजित पवार का अंतिम संस्कार किया गया

### अमित शाह और नवीन हुए शामिल



**बारामती :** महाराष्ट्र के पुणे जिले के बारामती में शोकाकुल लोगों ने बृहस्पतिवार को अपने प्रिय नेता उपमुख्यमंत्री अजित पवार को अंतिम विदाई दी। पवार का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। अंतिम विदाई के लिए आए लोगों से खचाखच भरे बारामती के विद्या प्रतिष्ठान मैदान में पवार के बेटों पार्थ और जय ने चिता को मुखाग्नि दी। उनकी पत्नी एवं राज्यसभा सदस्य सुनेत्रा अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख पाईं, उनकी आंखों से आंसुओं का सैलाब उमड़ पड़ा और हर ओर ''अजित दादा अमर रहे'' के नारे गूंज रहे थे। केंद्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी, मुरलीधर मोहोल, पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार (जो अजित पवार के चाचा हैं) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष नितिन नवीन 66 वर्षीय राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख के अंतिम संस्कार में शामिल हुए। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी इस दौरान बारामती के विद्या प्रतिष्ठान मैदान में उपस्थित थे। बारामती पवार परिवार का गृहनगर है, जो पुणे से 100 किलोमीटर दूर है। अजित पवार के अंतिम संस्कार के लिए हजारों लोग एकत्रित हुए और जब उनके पार्थिव शरीर को राष्ट्रीय ध्वज में लपेटकर उनके गांव काटेवाडी से विद्या प्रतिष्ठान के मैदान में लाया गया तो लोगों ने ''अजित दादा अमर रहे'' के नारे लगाए। सुनेत्रा पवार जब अपने दिवंगत पति को श्रद्धांजलि दे रही थीं तो बारामती से राकांपा (शरदचंद्र पवार) की लोकसभा सदस्य एवं उनकी चचेरी बहन सुप्रिया सुले अपनी चाची (सुनेत्रा पवार) के साथ खड़ी और उन्हें सांत्वना देती दिखीं।

## बांग्लादेश ने 23 भारतीय मछुआरों को वापस भेजा

**नयी दिल्ली :** बांग्लादेश ने बृहस्पतिवार को 23 भारतीय मछुआरों को वापस भेज दिया, जबकि भारत ने 128 बांग्लादेशी मछुआरों को रिहा किया। भारत द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, मछुआरों और उनकी नौकाओं के पारस्परिक आदान-प्रदान की व्यवस्था दोनों देशों के मछली पकड़ने वाले समुदायों की मानवीय और आजीविका संबंधी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए की गई है। इसमें कहा गया है, अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा को अनजाने में पार करने वाले भारतीय मछुआरों को हाल ही में बांग्लादेश के अधिकारियों द्वारा गिरफ्तार किया गया था। इसी तरह बांग्लादेश के मछुआरों को भी भारतीय अधिकारियों द्वारा पकड़ा गया था।

## छत्तीसगढ़: बीजापुर में पुलिस के साथ मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए

**बीजापुर :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जिले के दक्षिणी हिस्से के जंगल में आज सुबह सात बजे गोलीबारी शुरू हुई, जब 'डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड' (डीआरजी) की एक टीम इलाके में हथियारबंद माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। उन्होंने बताया कि अब तक मुठभेड़ स्थल से दो माओवादियों के शवों के साथ एक एके 47 राइफल, एक 9एमएम पिस्टल, अन्य हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए हैं।

## अभियोजन पक्ष 'नौकरी के बदले जमीन' घोटाला मामले में नौ से 28 मार्च तक साक्ष्य प्रस्तुत करेगा : अदालत

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को कहा कि अभियोजन पक्ष पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव और अन्य लोगों से जुड़े कथित 'नौकरी के बदले जमीन घोटाले' में नौ से 28 मार्च के बीच अपने साक्ष्य प्रस्तुत करेगा। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने इस मामले की सुनवाई कर रहे हैं। मामले को औपचारिक रूप से आरोप तय करने के लिए सूचीबद्ध किया गया था। अदालत ने लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटों तेजस्वी यादव और तेज प्रताप यादव तथा कुछ अन्य लोगों को औपचारिक रूप से आरोप तय करने के लिए एक से 28 फरवरी के बीच व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने की स्वतंत्रता दी।

## परमाणु क्षेत्र में किये जा रहे सुधार से आण्विक ऊर्जा उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी : पीके मिश्रा



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत द्वारा परमाणु क्षेत्र को निजी भागीदारी के लिए खोलने के निर्णय से 2047 तक आण्विक ऊर्जा क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होने और स्थिर एवं शून्य-कार्बन आधारित बिजली उपलब्ध होने की उम्मीद है। मिश्रा यहां आईआरएडीई में 'सतत ऊर्जा संक्रमण - वैश्विक परिप्रेक्ष्य' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, ''भारत ने हाल ही में किए गए विधायी प्रयासों के माध्यम से निजी भागीदारी के लिए परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को खोलकर एक ऐतिहासिक सुधार किया है। इससे 2047 तक परमाणु क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होने और स्थिर, शून्य-कार्बन आधारित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होने की उम्मीद है।'' मिश्रा ने कहा कि ये ऊर्जा स्रोत में बदलाव को सीधे ऊर्जा सुरक्षा और आयात में कमी के साथ जोड़ते हैं, जिससे भारत की रणनीतिक स्वायत्तता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा भारत के विकसित भारत के दृष्टिकोण में निहित है और विकास, प्रतिस्पर्धा, सामाजिक समावेश और ऊर्जा सुरक्षा के लिए केंद्रीय महत्व रखती है।

## गणतंत्र दिवस: नौसेना ने सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दल का पुरस्कार जीता, महाराष्ट्र की झांकी शीर्ष पर



**नयी दिल्ली :** इस वर्ष की गणतंत्र दिवस परेड में भारतीय नौसेना ने सशस्त्र बलों की तीनों सेवाओं में सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दल का पुरस्कार जीता है। नौसेना ने इस उपलब्धि को अथक प्रयास, समर्पण और अनुशासन का परिणाम बताया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की झांकी श्रेणी में महाराष्ट्र ने गणेशोत्सव की थीम पर आधारित अपनी झांकी के लिए पहला पुरस्कार जीता। वहीं, 'वंदे मातरम्' की 150 वर्ष की विरासत को दर्शाने वाली संस्कृति मंत्रालय की झांकी मंत्रालयों और विभागों की श्रेणी में विजेता रही। नौसेना अधिकारियों के अनुसार, नौसेना के मार्चिंग दल में 144 युवा कर्मी शामिल थे, जिन्होंने ऐतिहासिक कर्तव्य पथ पर कंधे से कंधा मिलाकर मार्च किया। यह दल एक प्रगतिशील और सशक्त समुद्री शक्ति के रूप में नौसेना का प्रतीक रहा। नौसेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार रात 'पीटीआई-भाषा' से कहा, यह हमारे लिए अत्यंत गर्व और सम्मान की बात है कि हमारे दल ने औपचारिक परेड में सर्वोच्च पुरस्कार जीता है।

## परिजनों के विलाप और गमगीन माहौल के बीच पिंकी माली का अंतिम संस्कार



**मुंबई :** महाराष्ट्र के बारामती में हुए विमान हादसे में जान गंवाने वाली विमान परिचारिका पिंकी माली का अंतिम संस्कार बृहस्पतिवार को मध्य मुंबई के शिवाजी पार्क श्मशान घाट में कर दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस दुर्घटना में पिंकी और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार सहित पांच लोगों की मौत हो गई थी। पिंकी माली के पार्थिव शरीर को जब चिता पर रखा गया तो वहां मौजूद परिवार के सदस्य खुद को रोक नहीं पाए और उनके विलाप से माहौल और गमगीन हो गया। इससे पहले माली के पार्थिव शरीर को एम्बुलेंस के जरिये बारामती से पड़ोसी शहर ठाणे के खारिगांव इलाके में लाया गया। पिंकी (29) की तीन साल पहले शादी हुई थी और वह गत चार महीनों से अपने पति के साथ इसी इलाके में रह रही थीं। अधिकारी ने बताया कि पिंकी के पार्थिव शरीर को मध्य मुंबई के प्रभादेवी स्थित उनके मायके ले जाया गया, जहां उन्होंने अपना बचपन बिताया था। पड़ोसियों और दोस्तों ने उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की। पिंकी के पिता शिवकुमार माली ने इससे पहले संवाददाताओं को बताया था कि वह अपने बड़े भाई को पायलट बनाना चाहती थी।

बंगाल के बाद अब तमिलनाडु

## निर्वाचन आयोग 'तार्किक विसंगति' सूची में शामिल लोगों के नाम प्रदर्शित करे: न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने विभिन्न राज्यों में जारी मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बीच निर्वाचन आयोग को बृहस्पतिवार को उन लोगों के नाम ग्राम पंचायत भवनों और ब्लॉक कार्यालयों में प्रदर्शित करने का निर्देश दिया, जिन्हें तार्किक विसंगतियों की सूची में शामिल किया गया है। बिहार में मतदाता सूचियों की एसआईआर प्रक्रिया पूरी होने के बाद इस अभ्यास का दूसरा चरण नौ राज्यों- छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्यप्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल तथा तीन केंद्र-शासित प्रदेशों- अंडमान एवं निकोबार, लक्षद्वीप और पुडुचेरी में संचालित किया जा रहा है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने द्रविड़ मनेत्र कषगम (द्रमुक) की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, अमित आनंद तिवारी और विवेक सिंह की इस दलील पर सुनवाई के दौरान यह आदेश पारित किया कि चुनावी राज्य तमिलनाडु में तार्किक विसंगतियों की सूची में शामिल मतदाताओं को मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करने का दावा करने के लिए पर्याप्त समय एवं अवसर दिया जाए। पीठ तमिलनाडु में एसआईआर में मनमानी और प्रक्रियात्मक अनियमितताओं के आरोपों वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है, जिनमें तार्किक विसंगति श्रेणी से संबंधित याचिकाएं भी शामिल हैं। जिन राज्यों में एसआईआर जारी है, उनके लिए सामान्य निर्देश पारित करते हुए पीठ ने कहा कि निर्वाचन आयोग की ओर से नोटिस जारी किए गए हैं और उन्हें मोटे तौर पर तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है- 'मैप' किए गए, 'मैप' नहीं किए गए और तार्किक विसंगति।

## एनएचएआई ठेकेदारों से गौशालाएं स्थापित करने के लिए कह सकता है: न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को बृहस्पतिवार को कहा कि वह सड़क निर्माण में शामिल ठेकेदारों से राजमार्गों पर आने वाले आवारा पशुओं की देखभाल के लिए कंपनियों के सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत गौशाला बनाने पर विचार करने को कहे। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन.वी. अंजारिया की पीठ ने आवारा कुत्तों के स्थानांतरण और बधियाकरण संबंधी शीर्ष न्यायालय के सात नवंबर के आदेश में संशोधन का अनुरोध करने वाली कई याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। न्यायायल ने हालांकि पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु द्वारा उसके निर्देशों के अनुपालन को लेकर असंतोष व्यक्त किया। न्यायालय ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा प्रतिदिन 100 आवारा कुत्तों का बधियाकरण करने के प्रयास अपर्याप्त हैं और यह ''ऊंट के मुंह में जीरे' की तरह है। पीठ ने एनएचएआई की ओर से पेश अधिवक्ता से एक ऐप विकसित करने को भी कहा, जहां लोग राष्ट्रीय राजमार्गों पर आवारा जानवरों को देखे जाने की सूचना दे सकें।

## न्यायालय ने आवारा कुत्तों संबंधी पूर्व के आदेश में संशोधन संबंधी याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने आवारा कुत्तों के मामले में पहले दिये गए आदेशों में संशोधन का अनुरोध करने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई के बाद बृहस्पतिवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने न्यायमित्र गौरव अग्रवाल की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। अग्रवाल ने पीठ के समक्ष पंजाब, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों द्वारा उठाए गए कदमों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। पीठ ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की ओर से पेश हुए अधिवक्ता की दलीलें भी सुनी, जिसमें 7 नवंबर, 2025 के उस निर्देश के अनुपालन का जिक्र था। अदालत ने प्राधिकरण को राष्ट्रीय राजमार्गों से आवारा पशुओं को हटाने और सड़कों के किनारे बाड़ लगाने के निर्देश दिये थे।

## भाजपा ने चंडीगढ़ के महापौर चुनाव में शानदार जीत हासिल की; सौरभ जोशी नये महापौर चुने गए



**चंडीगढ़ :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पार्षद सौरभ जोशी बृहस्पतिवार को चंडीगढ़ नगर निगम के नये महापौर चुने गए। वहीं, पार्टी ने महापौर चुनाव में शानदार जीत हासिल करते हुए वरिष्ठ उपमहापौर और उपमहापौर के पद भी जीत लिये। त्रिकोणीय मुकाबले में जोशी को 18 वोट, आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार योगेश ढिंगरा को 11 वोट मिले, जबकि कांग्रेस के गुरप्रीत सिंह गाबी को सात वोट मिले। इस बार महापौर चुनाव के लिए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने गठबंधन नहीं किया। परिणाम घोषित होने के बाद, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच जुबानी जंग छिड़ गई, जिसमें दोनों पार्टियों के नेताओं ने एक-दूसरे पर भाजपा की मदद करने का आरोप लगाया। मतदान में हिस्सा ले रहे पार्षदों ने पूर्व की गुप्त मतदान पद्धति के बजाय अपने उम्मीदवार के पक्ष में हाथ उठाकर समर्थन जताया। उम्मीदवार के समर्थन में हाथ उठाने के बाद पार्षदों ने पीठासीन अधिकारी रमणिक सिंह बेदी के समक्ष मौखिक रूप से भी अपनी सहमति दी, जिन्होंने महापौर पद के लिए चुनाव कराया। महापौर चुने जाने के बाद, जोशी ने भाजपा के साथ अपने लंबे जुड़ाव को याद किया और अपनी जीत पार्टी नेतृत्व और पार्टी कार्यकर्ताओं को समर्पित की। चंडीगढ़ नगर निगम के 35-सदस्यीय सदन में भाजपा के 18 पार्षद, आप के 11 और कांग्रेस के छह पार्षद हैं। चंडीगढ़ के सांसद को भी 35 सदस्यीय नगर निगम के पदेन सदस्य होने के नाते मतदान का अधिकार प्राप्त है।

## गुजरात एसआईआर: निर्वाचन आयोग को अंतिम मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए 6.88 लाख प्रपत्र मिले

**अहमदाबाद :** गुजरात में निर्वाचन आयोग को अंतिम मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए 6.88 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं, जबकि मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए 9.88 लाख आवेदन मिले हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची के गणना चरण के पूरा होने के बाद 19 दिसंबर को गुजरात की प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की थी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि मतदाता अंतिम सूची में नाम जोड़ने या हटाने के लिए निर्धारित प्रपत्रों के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

## मुंबई में वायु प्रदूषण पर उच्च न्यायालय सख्त, उच्चस्तरीय समिति गठित करेगी

**मुंबई :** मुंबई उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि मुंबई और आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए उठाए गए कदम पर्याप्त नहीं हैं। इसके साथ ही अदालत ने प्रदूषण नियंत्रण उपायों के अनुपालन की निगरानी के लिए एक उच्चस्तरीय समिति गठित करने का फैसला किया है। मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर की अगुवाई वाली खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि अदालत किसी की आलोचना नहीं कर रही है, बल्कि यह सुनिश्चित करना चाहती है कि लोगों को शुद्ध हवा में जीने का अधिकार मिले। अदालत ने अक्टूबर 2023 में मुंबई में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर स्वतः संज्ञान लिया था।

## कश्मीर में कड़ाके की ठंड, सोनमर्ग सबसे ठंडा स्थान



**श्रीनगर :** कश्मीर में भीषण ठंड पड़ रही है क्योंकि अधिकांश स्थानों पर रात का तापमान हिमांक बिंदु से कई डिग्री नीचे चला गया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। हालांकि, श्रीनगर समेत कई जगहों पर रात का तापमान उम्मीद से ज्यादा गर्म दर्ज किया गया। शहर में न्यूनतम तापमान शून्य से 0.6 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो पिछली रात के 0.1 डिग्री सेल्सियस से कम था। रात का तापमान मौसम के सामान्य तापमान से 0.3 डिग्री सेल्सियस अधिक था। अधिकारियों ने बताया कि मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले का सोनमर्ग जम्मू कश्मीर में सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान शून्य से 11.2 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया, जो पिछली रात के तापमान से कम रहा। गत रात्रि तापमान शून्य से 9.8 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में स्थित प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से नौ डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि दक्षिणी कश्मीर में स्थित पहलगाम पर्यटक रिसॉर्ट, जो वार्षिक अमरनाथ यात्रा का एक आधार शिविर भी है, में न्यूनतम तापमान शून्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य डिग्री पर पहुंच गया, जबकि कोकरनाग में न्यूनतम तापमान शून्य से 0.6 डिग्री सेल्सियस कम और कुपवाड़ा में शून्य से 3.5 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया। 'चिल्ला-ए-कलां', जो 40 दिन की अत्यधिक ठंड की अवधि होती है, अब समाप्त होने वाली है, जिसके दौरान रात का तापमान अक्सर हिमांक बिंदु से कई डिग्री नीचे गिर जाता है, और बर्फबारी की संभावना सबसे अधिक होती है।

# भारत, अमेरिका परस्पर रूप से लाभदायक व्यापार समझौते को लेकर बातचीत कर रहे : सरकार

**नयी दिल्ली :** राज्यसभा में सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिका भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक है और दोनों पक्ष वर्तमान में पारस्परिक लाभ वाले बहुक्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। विदेश मामलों के राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दोनों देश राष्ट्रीय हितों पर आधारित विदेश नीतियां अपनाते हैं, जिसमें व्यापार संबंधी चंद उपायों, प्रतिबंधों से संबंधित मुद्दों और विशिष्ट क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर उनके दृष्टिकोण की झलक मिलती है। सिंह ने कहा, मतभेदों का समाधान उच्च स्तरीय और संस्थागत संवादों के माध्यम से किया जाता है। उन्होंने यह बात अमेरिका के साथ रणनीतिक, आर्थिक और रक्षा सहयोग पर भारत के वर्तमान रुख और वैश्विक मुद्दों पर दोनों देशों के बीच समान रुख व मतभेद वाले क्षेत्रों के बारे में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में कही।

## पिछले एक साल में देशभर में 18,000 रोजगार मेलों के जरिए 2.22 करोड़ लोगों को रोजगार मिला: सरकार

सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि पिछले एक वर्ष के दौरान देशभर में आयोजित 18,000 से अधिक रोजगार मेलों के माध्यम से कुल 2.22 करोड़ लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया गया। श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने राज्यसभा को प्रश्नकाल के दौरान यह जानकारी दी। पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए उन्होंने बताया कि देश में रोजगार सृजन बढ़ रहा है और बेरोजगारी दर घटकर 3.2 प्रतिशत रह गई है। उन्होंने बताया कि रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने एकीकृत मंच के रूप में राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल की स्थापना की है। मांडविया ने कहा, पिछले एक वर्ष में देशभर में 18,000 रोजगार मेले आयोजित किए गए और इस अवधि में कुल 2.22 करोड़ लोगों को रोजगार मिला। उन्होंने कहा कि बीते एक दशक में एनसीएस पोर्टल को मजबूत किया गया है और वर्तमान में इससे 55 लाख कंपनियां जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा कि सभी राज्य सरकारों के रोजगार मंच भी इस पोर्टल से जोड़े गए हैं।

## बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न पर भारत की नजर, मुद्दा ढाका के समक्ष उठाया गया: सरकार

भारत ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हमलों की घटनाओं पर लगातार नजर रखे हुए है और इस मुद्दे को ढाका के अधिकारियों के समक्ष निरंतर उठाया गया है। राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने बताया कि भारत की अपेक्षा है कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार इन घटनाओं की गहन जांच करे और अल्पसंख्यकों के खिलाफ हत्याओं, आगजनी और हिंसा में शामिल सभी दोषियों को बिना किसी बहाने के न्याय के कटघरे में लाए। माकपा के सदस्य जॉन ब्रिटास ने विदेश मंत्रालय से यह पूछा था कि क्या सरकार ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों को निशाना बनाकर किए जा रहे हमलों, हत्याओं, आगजनी और धमकी की घटनाओं तथा कानून-व्यवस्था की स्थिति में गिरावट की रिपोर्टों का संज्ञान लिया है और पिछले दो वर्षों में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर बांग्लादेश सरकार के समक्ष भारत ने क्या औपचारिक तर्क दिए हैं। अपने उत्तर में सिंह ने कहा, भारत सरकार बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हमलों की घटनाओं पर नजर रखे हुए है। इन हमलों में उनके घरों, संपत्तियों, व्यवसायों और पूजा स्थलों पर हमले शामिल हैं। भारत ने अल्पसंख्यकों की सुरक्षा

## हिमाचल प्रदेश: भारी बर्फबारी के कारण 655 सड़कें बंद; 31 जनवरी से फिर बर्फबारी होने की संभावना



**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में हाल ही में हुई बर्फबारी के परिणामस्वरूप तीन राष्ट्रीय राजमार्गों सहित लगभग 655 सड़कें अभी भी यातायात के लिए अवरुद्ध हैं, जिससे सड़क संपर्क प्रभावित हुआ है। राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र के अनुसार, लाहौल और स्पीति में राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) 03 (लेह-मनाली) और एनएच 505 (कजा-ग्रामफू) सहित 287 सड़कें, शिमला में 135, कुल्लू में एनएच 305 (औट-लुहरी-सैंज) सहित 81, मंडी में 77, चंबा में 40, किन्नौर में 27, सिरमौर और ऊना में तीन-तीन और कांगड़ा जिले में दो सड़कें अवरुद्ध हैं। इसके अलावा, राज्य में 669 ट्रांसफार्मर अभी भी खराब हैं, जिससे हजारों घरों में बिजली नहीं पहुंच पा रही है। इनमें कुल्लू में 216, शिमला में 214, चंबा में 104, मंडी में 94, लाहौल और स्पीति में 22, सिरमौर में 13 और किन्नौर जिले में छह ट्रांसफार्मर शामिल हैं। इस बीच, राज्य के ऊंचे इलाकों जैसे किन्नौर और लाहौल तथा स्पीति में हल्की बर्फबारी और बारिश हुई, जबकि राज्य के बाकी हिस्सों में मौसम अधिकतर साफ रहा। मौसम विभाग ने 30 जनवरी को राज्य के ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी और बारिश का पूर्वानुमान लगाया है।

## न्यूज ब्रीफ

### सेल को लगातार तीसरी बार 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' प्रमाणन मिला

**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) को लगातार तीसरे साल 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' (काम करने के लिए बेहतरीन जगह) का प्रमाणन प्राप्त हुआ है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस्पात निर्माता ने एक बयान में बताया कि नवीनतम प्रमाणन फरवरी 2026 से फरवरी 2027 की अवधि के लिए दिया गया है। सेल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) अमरेंदु प्रकाश ने इस उपलब्धि पर कहा, यह मान्यता हमारे कर्मचारियों द्वारा संगठन में जताए गए भरोसे और उस कार्य संस्कृति का प्रतिबिंब है, जिसे हम सामूहिक रूप से बना रहे हैं। इस्पात मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत आने वाली सेल देश की शीर्ष पांच इस्पात उत्पादक कंपनियों में शामिल है। इसकी वार्षिक उत्पादन क्षमता लगभग 2.1 करोड़ टन है। यह प्रमाणन विभिन्न मानकों के आधार पर कॉर्पोरेट घरानों और अन्य संगठनों को प्रदान किया जाता है। इसमें कर्मचारियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य सहित उनके समग्र कल्याण और कार्य संस्कृति का आकलन किया जाता है।

### अदाणी पावर का तीसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 15 प्रतिशत घटकर 2,488 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली :** अदाणी पावर का चालू वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में एकीकृत शुद्ध लाभ 15 प्रतिशत से अधिक गिरकर 2,488 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने मुनाफे में इस कमी का मुख्य कारण पिछली अवधि की एकमुश्त आय का कम होना बताया है। कंपनी द्वारा बृहस्पतिवार को जारी बयान के अनुसार, 'वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ (पीएटी) 2,488 करोड़ रुपये रहा, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 की इसी अवधि में यह 2,940 करोड़ रुपये था।'

# प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, पारदर्शी, निष्पक्ष एआई परिवेश के लिए काम करने की जरूरत



नयी दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत के पास पैमाने और विविधता के साथ लोकतंत्र है, जिसके कारण दुनिया भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे पर भरोसा करती है। मोदी ने डेटा सुरक्षा और प्रौद्योगिकी के लोकतंत्रीकरण के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि सभी को एक पारदर्शी, निष्पक्ष और सुरक्षित कृत्रिम मेधा (एआई) परिवेश की दिशा में काम करना चाहिए। उन्होंने लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर एआई क्षेत्र में कार्यरत सीईओ और विशेषज्ञों के साथ बातचीत में सभी क्षेत्रों में नई प्रौद्योगिकी को अपनाने और राष्ट्रीय विकास में यो-गदान देने के लिए इसका उपयोग करने की आवश्यकता बतायी। साथ ही प्रमुख क्षेत्रों में स्वदेशी प्रौद्योगिकी के उपयोग का आग्रह किया। प्रधानमंत्री कार्यालय के एक बयान के अनुसार, 'प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के पास पैमाने, विविधता और लोकतंत्र का अनूठा संयोजन है, जिसके कारण दुनिया भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे पर भरोसा करती है।' 'सभी के लिए एआई' के अपने दृष्टिकोण के अनुरूप, उन्होंने कहा कि सभी को इस प्रौद्योगिकी के साथ प्रभाव पैदा करने के साथ-साथ दुनिया को प्रेरित करने की आवश्यकता है। उन्होंने मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) और विशेषज्ञों से आग्रह किया कि वे भारत को वैश्विक एआई प्रयासों के लिए एक प्रमुख केंद्र बनाएं। फरवरी में होने वाले आगामी 'इंडियाएआई इम्पैक्ट' शिखर सम्मेलन से पहले आयोजित इस बैठक का उद्देश्य रणनीतिक सहयोग को बढ़ावा देना, एआई नवोन्मेषों का प्रदर्शन करना और भारत के एआई मिशन के लक्ष्यों को गति देना था। बातचीत के दौरान, सीईओ ने एआई प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भर बनने के लक्ष्य के प्रति समर्थन जताया। उन्होंने भारत को वैश्विक स्तर पर एआई के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए सरकार के प्रयासों की सराहना भी की। प्रधानमंत्री ने आगामी एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन के बारे में बातचीत में इस बात पर जोर दिया कि सभी व्यक्तियों और कंपनियों को नए अवसरों का पता लगाने और वृद्धि के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ने के लिए इस शिखर सम्मेलन का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि 'यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस' (यूपीआई) के माध्यम से भारत ने अपनी प्रौद्योगिकी क्षमता का प्रदर्शन किया है और इसे एआई के क्षेत्र में भी दोहराया जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कृत्रिम मेधा के नैतिक उपयोग पर कोई समझौता नहीं होना चाहिए। साथ ही उन्होंने कृत्रिम मेधा के कौशल विकास और प्रतिभा तैयार करने पर ध्यान देने की आवश्यकता भी बतायी। उन्होंने कहा कि भारत का कृत्रिम मेधा परिवेश देश के चरित्र और मूल्यों को प्रतिबिंबित करना चाहिए। उच्चस्-तरीय बैठक में विप्रो, टीसीएस, एचसीएल टेक, जोहो कॉरपोरेशन, एलटीआई माइंडट्री, जियो प्लेटफॉर्म्स लि., अदानी कॉनेक्स, एनएक्सट्रा डेटा और नेटवेब टेक्नोलॉजीज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) शामिल हैं। इसके अलावा आईआईआईटी हैदराबाद, आईआईटी मद्रास और आईआईटी बंबई के विशेषज्ञ भी मौजूद थे।

# आशावादी आर्थिक समीक्षा से बाजार ने तेजी पकड़ी, सेंसेक्स 222 अंक मजबूत



**मुंबई :** टाटा स्टील एवं लार्सन एंड टुब्रो में जबर्दस्त खरीदारी और आर्थिक समीक्षा 2025-26 में अगले वित्त वर्ष के लिए 6.8-7.2 प्रतिशत का वृद्धि अनुमान जताए जाने से बृहस्पतिवार को स्थानीय शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में 222 अंक की बढ़त रही जबकि निफ्टी 76 अंक बढ़ा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स दोपहर के सत्र में बढ़ी लिवाली के दम पर 221.69 अंक यानी 0.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,566.37 अंक पर बंद हुआ। हालांकि, सुबह के कारोबार में यह 636.74 अंक टूटकर 81,707.94 अंक तक गिर गया था। वहीं एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 76.15 अंक यानी 0.30 प्रतिशत चढ़कर 25,418.90 अंक पर बंद हुआ। सुबह के कारोबार में निफ्टी 25,159.80 अंक तक फिसल गया था। विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में तेजी और विदेशी कोषों के निवेश में बढ़ोतरी ने प्रमुख सूचकांकों को निचले स्तर से उबारने में मदद की। सेंसेक्स की कंपनियों में से टाटा स्टील ने सबसे अधिक 4.41 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एकीकृत लाभ 10 प्रतिशत बढ़कर 71,450 करोड़ रुपये होने का नतीजा देने वाली लार्सन एंड टुब्रो के शेयर में भी 3.66 प्रतिशत की तेजी रही। इसके अलावा एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, अदाणी पोर्ट्स और आईसीआईसीआई बैंक भी लाभ में रहे। दूसरी तरफ, एशियन पेंट्स, इंटरग्लोब एविएशन (यानी इंडिगो), मारुति और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।

### एयर इंडिया ने बोइंग से 30 विमान खरीदने का ऑर्डर दिया

**हैदराबाद :** एयर इंडिया ने 30 अतिरिक्त बोइंग विमानों की खरीद का ऑर्डर दिया है, जिसमें बीस 737-8 और दस 737-10 जेट शामिल हैं। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह घोषणा की। एयर इंडिया ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि ये 30 विमान वर्ष 2023 में बोइंग को दिए गए 220 विमानों के ऑर्डर के अतिरिक्त हैं। इसके साथ ही बोइंग से एयर इंडिया द्वारा ऑर्डर किए गए विमानों की कुल संख्या 250 हो गई है। यह घोषणा विंग्स इंडिया 2026 कार्यक्रम के दौरान की गई, जहां केंद्रीय विमानन उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू भी मौजूद थे। नए ऑर्डर के बाद एयर इंडिया को बोइंग से कुल 198 नए विमान मिलने हैं। अब तक कंपनी को 2023 में दिए गए ऑर्डर में से 52 विमान मिल चुके हैं। इनमें से 51 बोइंग 737-8 विमान उसकी अनुषंगी कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस के बेड़े में शामिल हैं, जबकि एक नया 787-9 विमान एक फरवरी 2026 से मुंबई-फ्रैंकफर्ट मार्ग पर वाणिज्यिक सेवा शुरू करेगा।

# कीमतों में रिकॉर्ड उछाल से 2025 में भारत में सोने की मांग 11 प्रतिशत घटी: डब्ल्यूजीसी



**मुंबई :** कीमतों के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने और उपभोक्ताओं के खरीद व्यवहार में बदलाव के कारण वर्ष 2025 में भारत की सोने की मांग में 11 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) की बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। डब्ल्यूजीसी की '2025 की स्वर्ण मांग के रुझान' रिपोर्ट के अनुसार, भारत में सोने की कुल मांग 2025 में गिरकर 710.9 टन रह गई, जो 2024 में 802.8 टन थी। परिषद का अनुमान है कि 2026 में देश में सोने की मांग 600 से 700 टन के बीच रह सकती है। हालांकि, कीमतों में भारी उछाल के कारण मूल्य के संदर्भ में सोने की मांग 30 प्रतिशत बढ़कर 7,51,490 करोड़ रुपये पर पहुंच गई, जबकि पिछले वर्ष यह 5,75,930 करोड़ रुपये थी। डब्ल्यूजीसी के क्षेत्रीय मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ - भारत) सचिन जैन ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''वर्ष, 2025 की चौथी तिमाही में सोने की मांग पर ऊंची कीमतों और उपभोक्ताओं के बदलते व्यवहार का असर स्पष्ट दिखा। मात्रा के आधार पर इस तिमाही में मांग नौ प्रतिशत गिरकर 241.3 टन रही, लेकिन मूल्य के आधार पर यह 49 प्रतिशत बढ़कर करीब 3,03,470 करोड़ रुपये हो गई।' वर्ष 2025 के दौरान आभूषणों की कुल मांग 24 प्रतिशत घटकर 430.5 टन रही, जो 2024 में 563.4 टन थी।

### सोने की वैश्विक मांग 2025 में 5,000 टन से अधिक हुई

वैश्विक स्तर पर सोने की मांग 2025 में 5,000 टन से अधिक होकर एक नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई है। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) की बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। डब्ल्यूजीसी की '2025 की स्वर्ण मांग के रुझान' रिपोर्ट के अनुसार, कुल सोने की मांग 2025 में 5,002 टन के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई, जो पिछले वर्ष 4,961.9 टन थी। रिपोर्ट में कहा गया कि यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से निवेश मांग में तेज उछाल के कारण हुई, जो 2025 में बढ़कर 2,175.3 टन हो गई जबकि यह 2024 में 1,185.4 टन थी। चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में उपभोक्ता मांग दो प्रतिशत बढ़कर 1,345.3 टन हो गई जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,318.5 टन थी।

# आर्थिक समीक्षा में ऋग्वेद से लेकर रामायण तक के उद्धरणों का उल्लेख

**नयी दिल्ली :** संसद में बृहस्पतिवार को पेश आर्थिक समीक्षा में ऋग्वेद से लेकर रामायण तक और मार्क टुली से लेकर व्लादिमीर लेनिन तक का उद्धरण दिया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट से पहले वित्त वर्ष 2025-26 की आर्थिक समीक्षा संसद के दोनों सदनों में पेश की। आर्थिक समीक्षा अगले वित्त वर्ष में अपनाई जाने वाली नीतिगत कार्रवाइयों की पृष्ठभूमि बयां करती है। कुल 739 पृष्ठों वाली आर्थिक समीक्षा में कई संदर्भों का उल्लेख किया गया है। समीक्षा में ऋग्वेद के मंडल 10, सूक्त 191, श्लोक 2 का जिक्र किया गया है जो कहता है, ''मनुष्यों को मिलकर चलना चाहिए, एक साथ बोलना चाहिए। इससे राष्ट्र, समाज और परिवार की उन्नति होती है। आपस में मतभेद न हो।' समीक्षा के अनुसार, रामायण जटिल और प्रतिस्पर्धी परिस्थितियों में रणनीतिक शिक्षा के लिए एक मूल्यवान रूपक प्रदान करता है। आर्थिक समीक्षा के मुताबिक, ''युद्ध कांड में, रावण की पराजय का क्षण विवेक का पाठ बन जाता है, क्योंकि भगवान राम यह दर्शाते हैं कि शत्रुओं से भी उनके मूल्य या तौर-तरीके अपनाए बगैर अंतर्दृष्टि प्राप्त की जा सकती है।' समीक्षा में उल्लेख किया गया है, 'यह सीख सूक्ष्म होते हुए भी शक्तिशाली है: सीखना स्वायत्तता के अनुकूल है। आज की विभाजित वैश्विक अर्थव्यवस्था में निर्भर हुए बगैर सीखने की क्षमता एक आवश्यक रणनीतिक कौशल बन जाती है।' 'सामरिक मजबूती और सामरिक अपरिहार्यता का निर्माण: राज्य, निजी क्षेत्र और नागरिकों की भूमिका' नामक अध्याय में भगवद् गीता का भी एक उद्धरण है। गीता के दूसरे अध्याय के 47वां श्लोक कहता है, आपको केवल कर्म करने का अधिकार है, अपने श्रम के फल पर नहीं। अपने कर्म के फल को अपना मकसद न बनाएं, न ही अपने आप को निष्क्रियता में पड़ने दें।' इसी तरह, आर्थिक समीक्षा के आयात प्रतिस्थापन पर केंद्रित एक अध्याय में चाणक्य का एक उद्धरण दिया गया है, जिसके मुताबिक, कल्याण का आधार धर्म है। धर्म का आधार आर्थिक शक्ति है। और आर्थिक शक्ति का आधार राज्य है।




वर्ष 10, पूर्णांक 3488 अंक 298 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in